RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 मां मलायका अरोड़ा से पूछा 'आप...

वर्ष : 26 अंक : 116 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 18 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

लोकसभा चुनाव 2024 :

# उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में कल मतदान, कड़ी सुरक्षा

**लखनऊ ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान के लिए कल 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। प्रथम चरण का मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किये गए हैं। प्रथम चरण के मतदान में कल 8 जिलों जनपदों- सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, कैराना, नगीना में मतदान होना है। 8 लोकसभा क्षेत्रों के 7689 मतदान केंद्रों के 14849 मतदेय स्थलों पर मतदान होगा।

आठ जिलों में कुल 248 बैरियर / नाका स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के समस्त जनपदों में कुल 2366 बैरियर / नाका स्थापित किए गए। समस्त अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय बैरियर पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों से निरन्तर निगरानी व चौकसी की जा रही है। प्रथम चरण के मतदान में 6018 निरीक्षक / उ0नि0, 35750 मुख्य आरक्षी / आरक्षी, 24992 होमगार्ड, 60 कंपनी पीएसी बल तथा 220 कम्पनी CAPF बल (BSF/ITBP/CRPF/CISF/SSB/RPF) तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त Force Multiplier के रूप में 6764 ग्राम चौकीदार व 155 पीआरडी जवान भी तैनात।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के लिए वोट मांगने सिकन्द्राबाद विधानसभा क्षेत्र के सोलंकी फार्म हाउस ककोड़, झाझर में जनसभा करने पहुंचे। जनसभा में भारी जनसैलाब मुख्यमंत्री को सुनने के लिए उमड़ा।

प्रथम चरण से सम्बन्धित सभी आठ जनपदों में 348 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। निरंतर चौकसी, सतर्कता तथा चेकिंग की कार्यवाही जारी है। प्रदेश के सभी जनपदों में कुल 1824 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 1470 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 459 क्यूआरटी टीम का गठन कर चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि, प्रथम चरण के मतदान को स्वतन्त्र, भयमुक्त व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समस्त जनपदों में अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय तथा सतर्क किया गया है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित चुनाव प्रकोष्ठ तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी जनपदों से समन्वय व सूचनाओं को साझा करते हुए निरन्तर अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## क्राइम फाईल

### ड्यूटी जा रहे व्यक्ति को बस ने कुचला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के ऑरेंज पाई होटल के पास तेज गति में जा रही बस ने राहगीर को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल हुए राहगीर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।



छिजारसी कॉलोनी निवासी इजराफिल अंसारी घर से सुबह ड्यूटी के लिए निकले थे। सेक्टर-66 मामूरा के पास वह सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इस दौरान तेज गति में आ रही बस के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए इजराफिल अंसारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में मृतक की पत्नी तबस्सुम खातून ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है।

### जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना पुलिस ने जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिलाबदर होने के बाद भी अपने घर पर रह रहा था।



थाना प्रभारी विद्युत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस गस्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि थाने से जिला बदर किया गया बदमाश बंटी पुत्र सरन अपने घर वाल्मीकि मोहल्ला कासना की तरफ जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घरबरा रोड से बंटी को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि बंटी को बीते 4 मार्च को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया था। पुलिस ने न्यायालय के आदेश की तामील करते हुए आरोपी को जनपद की सीमा से बाहर रहने के लिए जनपद बुलंदशहर की सीमा में छोड़ दिया था। इसके बावजूद भी आरोपी जनपद की सीमाओं में रह रहा था।

### घर से नकदी व जेवर लेकर गायब हुई किशोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के दादरी कस्बे से एक किशोरी अपने घर से नगदी व लाखों रुपए के जेवरात लेकर चली गई। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कस्बे में रहने वाली रजनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 16 अप्रैल की दोपहर को घर से किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चली गई थी। उनकी बेटी घर से 53000 नगद, पांच सोने की अंगूठी, दो झाले सोने के, सोने के कुंडल, चांदी की पेटी, पायल, सोने की चेन, सोने की चार चूड़ी भी अपने साथ ले गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी की मां की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में बड़े ड्रग्स किचन का भंडाफोड़, करोड़ों की ड्रग्स बरामद

## चार नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार, दो के पास नहीं मिला पासपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस,स स्वाट टीम तथा थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने दादरी के एक मकान में ड्रग्स (एमडीएमए) बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। ड्रग्स फैक्टरी को अवैध रूप से भारत में रह रहे नाइजीरियन नागरिक चला रहे थे। इनके पास से 200 किलो से ज्यादा एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुआ है।



थाना ईकोटेक- प्रथम पुलिस, स्वाट टीम तथा थाना दादरी पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत अवैध रूप से मिथाइल एनीडियोक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए चार नाइजीरियन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 26 किलो 670 ग्राम क्रिस्टल व एमडीएमए पाउडर बरामद हुआ है। इनके पास से (शेष पृष्ठ-3 पर)

बीबीपैट पर सुनवाई

# चुनाव में शुचिता होनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बीबीपैट से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि चुनावी प्रक्रिया में शुचिता होनी चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ संभावनाएं बनती हैं, वह नहीं किया जा रहा है।



इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की आलोचना करने वालों की निंदा की थी। कोर्ट ने कहा था कि देश में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती है, ऐसे में हमें सिस्टम को पीछे की तरफ नहीं ले जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में उस समय का भी जिक्र किया, जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और मतपेटियां लूट ली जातीं थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सीएम की जनसभा में पहुंचे नोएडा के सैकड़ों भाजपाई




**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज बुलंदशहर के झाझर कस्बे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में शामिल होने नोएडा महानगर से सैकड़ों भाजपाई पहुंचे।

भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में 15 बसें तथा कई कारों में सवार होकर करीब 500 पदाधिकारी व कार्यकर्ता झाझर पहुंचे। जिसमें भाजपा के महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश अवाना, उपाध्यक्ष मनीश शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, चमन अवाना, संजय बाली, अल्पेश गर्ग, भाजपा युवामोर्चा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना, शहरी विकास मोर्चा अध्यक्ष प्रसेनजीत मैत्रा, उपाध्यक्ष प्रवेश चौहान, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड, पंकज झा, लोकेश कश्यप, कल्लू सिंह, मुक्तानंद शर्मा, ओम यादव, पंकज झा, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण महावर तथा अन्य पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रेमी को भेज दिये न्यूड फोटो व वीडियो

## छात्रा को ब्लैकमेल कर प्रेमी बनाना चाहता था शारीरिक संबंध

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रेमी की बातों में आकर उसे अपने न्यूड फोटो व वीडियो भेजना एक छात्रा के लिए मुसीबत बन गया है। प्रेमी ने अश्लील फोटो व वीडियो के आधार पर छात्रा को ब्लैकमेल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। प्रेमी से परेशान होकर छात्रा ने अपने प्रेमी, उसके पिता व भाई के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया है।



मूल रूप से झारखंड की रहने वाली रेशमा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह वर्तमान में नॉलेज पार्क क्षेत्र में रहकर एक कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई कर रही है। एक साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी जान पहचान मोहम्मद अमानुल्लाह फारुकी से हुई। जान पहचान के बाद दोनों आपस में बातें करने लगे और मिलने लगे। मोहम्मद अमानुल्लाह फारूकी ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसा कर उससे न्यूड फोटो और वीडियो ले लिए। उसने विश्वास कर उसे मोबाइल फोन पर अपने न्यूड फोटो और वीडियो भेज दी। इसके बाद मोहम्मद अमानुल्लाह फारूकी ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे होटल में मिलने के लिए बुलाया।

होटल पहुंचने पर उसने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर उसने उसे छोड़ दिया। कुछ दिनों बाद उसने दोबारा उसे दिल्ली के रोहिणी में बुलाया और वहां फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर आरोपी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। इसके बाद उसने इसकी शिकायत उसके पिता सैफुल्लाह फारूकी व (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के स्टेट कोर्डिनेटर बने पवन शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के अनुमोदन पर उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष, स्टेट कॉर्डिनेटर एवं स्टेट को-कोर्डिनेटर की सूची जारी हुई है।



जिसमें नोएडा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन शर्मा को स्टेट कॉर्डिनेटर बनाया गया है। पवन शर्मा ने प्रदेश में नई जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय महा सचिव प्रियंका गांधी, पंखुड़ी पाठक समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

पवन शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया INDIA गठबंधन की जीत में अहम भूमिका निभायेगी और कांग्रेस की गारंटियों वाली सरकार बनाकर देश के जनमानस को न्याय दिलाने का काम करेगी। कांग्रेस की जन कल्याणकारी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

# हवन-पूजन के बाद शहर को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

## प्राधिकरण के एसीईओ ने कर्मचारियों से की मतदान की अपील

**नोएडा।** आदर्श चुनाव आचार संहिता की बंदिशों के कारण नोएडा प्राधिकरण ने हवन पूजन करके अपना 49वां स्थापना दिवस मनाया। हलाकि हवन-पूजन के बाद अधिकारियों ने शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया तथा मतदान करने की अपील की।

इस दौरान कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने नोएडा के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक भवन में हवन पूजन किया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस मनाया।



बता दें पिछले 48 वर्षों के एतिहास में यह दूसरा मौका है कि नोएडा स्थापना दिवस पर बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। इससे पहले कोरोना कॉल में स्थापना दिवस पर कोई कार्यक्रम नहीं हुए थे। विगत वर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम हुए थे। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्श्व गायक, बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगता हुई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# चुनावी मौसम में तेज हुई शराब की तस्करी

## देसी व कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब की तस्करी व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना सेक्टर-49 पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि मेघदूतम पार्क के पास एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर शराब तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। पुलिस ने जब पार्क के पास रखे कट्टों की तलाशी ली तो उसमें से 16 पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जप्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर निठारी गांव स्थित ब्लड बैंक के पास से कासिम को गिरफ्तार किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मायावती का दांव

बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी उप्र को एक अलग, स्वायत्त राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। जब मायावती 2007-12 के दौरान उप्र की मुख्यमंत्री थीं, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को 'हरित प्रदेश' नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। 'हरित प्रदेश' राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा 'हरित प्रदेश' नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता 'हरित प्रदेश' से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं। किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर 'आंध्रप्रदेश' नए राज्य का पुनर्गठन किया गया। 2013-14 में आंध्रप्रदेश का विभाजन किया गया और 'तेलंगाना' नया, अलग राज्य बनाया गया। राज्य पुनर्गठन आयोग भारत सरकार का एक संस्थान है, जो नया, अलग राज्य बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न करता है। आयोग राज्यों के विभिन्न विवादों का भी निपटान करता है। अलग राज्य बनाने के पीछे राजनीतिक समर्थन ही पर्याप्त नहीं, एक स्वतंत्र प्रशासनिक ईकाई स्थापित करना ही मकसद नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति अहम कारक होते हैं। आंध्रप्रदेश को भाषायी आधार पर अलग राज्य बनाने के बाद ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसी मुद्दे का व्यापक अध्ययन किया और 1955 में निष्कर्ष दिया कि अलग राज्य बनाने के लिए भाषायी ही सबसे सशक्त आधार है। राज्य सिर्फ एक प्रशासनिक ईकाई, एक अलग, स्वतंत्र सरकार ही नहीं है, वहां लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली भी भावनात्मक हो। भाषा इस संदर्भ में इसका माकूल जवाब हो सकती है। प्रशासन के प्रभावों का भी सवाल है। कभी प्रभावशीलता प्रशासनिक ईकाई के आकार से भी तय होती है। करीब अढाई दशक पहले 'हरित प्रदेश' रालोद का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज नहीं है। इसी दौर में भाषायी आधार और क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति के आधार पर अलग राज्यों की मांगें मुखर होने लगीं। नतीजतन झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। उनके मूल राज्य-बिहार, उप्र और मध्यप्रदेश इतने विशाल राज्य थे कि विभाजन होने के बावजूद कुछ और अलग राज्यों की मांगें गूंजती रहती हैं। आवास और शहरी मामलों की संसदीय कमेटी की एक रपट में अनुमान लगाया गया था कि राष्ट्रीय जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 65 फीसदी है, लिहाजा शहरी प्रभुत्व राज्य में राजनीतिक आयामों और गतिशीलता को बदल सकता है। राज्य सरकार को जो टैक्स मिलता है, उस पर भी स्वायत्त नियंत्रण इसी वर्चस्व से तय होगा। पश्चिमी उप्र का मुद्दा अपेक्षाकृत आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र का होगा। तेलंगाना भी खेती वाला क्षेत्र था, जिसके अपने आर्थिक मतभेद थे। आंध्रप्रदेश से आज भी ऐसे कई मतभेद सुलझ नहीं पाए हैं, लेकिन हैदराबाद पर तेलंगाना का नियंत्रण है, यह काफी महत्वपूर्ण है। 2021-22 में तेलंगाना ने अपना करीब 79 फीसदी राजस्व अपने कर-संग्रह से ही प्राप्त किया, जबकि आंध्रप्रदेश को ऐसा 50 फीसदी राजस्व ही मिल सका। मायावती के मुद्दे पर गौर करें, तो सबसे पहले राज्य पुनर्गठन आयोग इस पर कैसे विचार करेगा? केंद्रीय कैबिनेट का विचार क्या होगा? सबसे महत्वपूर्ण है कि उप्र की कैबिनेट और विधानसभा का विचार क्या रहता है? बेशक सामाजिक और सांस्कृतिक कारक किसी भी राज्य के पुनर्गठन के बुनियादी आधार होते हैं, लेकिन आर्थिक पक्ष बहुत जरूरी है। खासकर भारत की अर्थव्यवस्था जिस तरह बदल रही है, उसके मद्देनजर दो राज्य आर्थिक संसाधनों पर सहमत कैसे होते हैं, यह निर्णय होने के बाद ही नया, अलग राज्य आकार ग्रहण करेगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तब मुदिता ( प्रसन्नता ) रूपी कमोरी में तत्व विचार रूपी मथानी से दम ( इंद्रिय दमन ) के आधार पर ( दम रूपी खंभे आदि के सहारे ) सत्य और सुंदर वाणी रूपी रस्सी लगाकर उसे मथें और मथकर तब उसमें से निर्मल, सुंदर और अत्यंत पवित्र वैराग्य रूपी मक्खन निकाल लें॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-जोग अगिनि करि प्रगट तब कर्म सुभासुभ लाइ।**
**बुद्धि सिरावै ग्यान घृत ममता मल जरि जाइ॥**

तब योग रूपी अग्नि प्रकट करके उसमें समस्त शुभाशुभ कर्म रूपी ईंधन लगा दें (सब कर्मों को योग रूपी अग्नि में भस्म कर दें)। जब (वैराग्य रूपी मक्खन का) ममता रूपी मल, जल जाए, तब (बचे हुए) ज्ञान रूपी घी को (निश्चयात्मिका) बुद्धि से ठंडा करें॥

**तब बिग्यानरूपिनी बुद्धि बिसद घृत पाइ।**
**चित्त दिआ भरि धरै दृढ़ समता दिअटि बनाइ॥**

तब विज्ञान रूपिणी बुद्धि उस (ज्ञान रूपी) निर्मल घी को पाकर उससे चित्त रूपी दीए को भरकर, समता की दीवट बनाकर, उस पर उसे दृढ़तापूर्वक (जमाकर) रखें॥

**तीनि अवस्था तीनि गुन तेहि कपास तें काढि।**
**तूल तुरीय सँवारि पुनि बाती करै सुगाढ़ि॥**

(जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति) तीनों अवस्थाएँ और (सत्त्व, रज और तम) तीनों गुण रूपी कपास से तुरीयावस्था रूपी रूई को निकालकर और फिर उसे सँवारकर उसकी सुंदर कड़ी बत्ती बनाएँ॥

**एहि बिधि लेसै दीप तेज रासि बिग्यानमय।**
**जातहिं जासु समीप जरहिं मदादिक सलभ सब॥**

इस प्रकार तेज की राशि विज्ञानमय दीपक को जलावें, जिसके समीप जाते ही मद आदि सब पतंगे जल जाएँ॥

**सोहमस्मि इति बृत्ति अखंडा। दीप सिखा सोइ परम प्रचंडा॥**
**आतम अनुभव सुख सुप्रकासा। तब भव मूल भेद भ्रम नासा॥**

सोऽहमस्मि (वह ब्रह्म मैं हूँ) यह जो अखंड (तैलधारावत कभी न टूटने वाली) वृत्ति है, वही (उस ज्ञानदीपक की) परम प्रचंड दीपशिखा (लौ) है। (इस प्रकार) जब आत्मानुभव के सुख का सुंदर प्रकाश फैलता है, तब संसार के मूल भेद रूपी भ्रम का नाश हो जाता है,॥

(क्रमशः....)

# मुरादाबाद में अंदरूनी कलह के चलते ढह सकता है सपा का मजबूत दुर्ग

लोकसभा चुनाव के लिये प्रथम चरण के मतदान में गिनती के दिन शेष बचे है, ऐसे में मुरादाबाद लोकसभा सीट की लड़ाई दिन पर दिन और दिलचस्प होती जा रही है। कहानी में ताजा मोड़ तब आया जब समाजवादी पार्टी (सपा) जो पहले उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस से जूझ रही थी। मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को लेने के बाद सपा के भीतर भड़क उठी थी, जिन्हें जेल में बंद पार्टी नेता और कद्दावर नेता आजम खान की पसंद के रूप में देखा जाता है। पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुस्लिम सपा का एक प्रमुख वोट बैंक है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। 2014 में, कुमार ने एसटी हसन को 87,000 से अधिक वोटों से हराकर मुरादाबाद जीता था। 2019 में, परिणाम बिल्कुल विपरीत था, कुमार इस बार हसन से लगभग 97,000 वोटों से हार गए, संभवत मुस्लिम वोटों के एकीकरण के कारण क्योंकि एसपी और बीएसपी गठबंधन में थे।

बहरहाल, 1992 में अपनी स्थापना के बाद से, सपा ने हमेशा इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि बनिया वीरा को मैदान में उतारने से उसे कुछ उच्च जाति के वोट हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे मुस्लिम समर्थकों के बीच विभाजन की संभावित हानि को रोका जा सकेगा। सपा को वीरा से हसन की नाराजगी और मुस्लिम वोटों के बंटवारे के अलावा मुरादाबाद में अपनी सहयोगी कांग्रेस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिज़वान ने वीरा पर खराब रवैया रखने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह चुनाव से तटस्थ रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि वह




(वीरा) चाहती थी कि मैं उसकी गुलामी करूं। मुझे वह पसंद नहीं आया. हालाँकि मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूँ, लेकिन मैं उसका समर्थन भी नहीं कर रहा हूँ।

उधर, वीरा के प्रतिनिधि सुनील भारद्वाज ने कहा कि सपा और कांग्रेस संगठनों के बीच अच्छा समन्वय है। मुरादाबाद एक बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है और चुनाव प्रचार जारी है। हर किसी को समय देना कठिन है। हो सकता है कि किसी को ठेस पहुंची हो लेकिन यह उसकी ओर से पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा। उन्होंने डॉ हसन से भी संपर्क करने की कोशिश की और उनके आवास पर गईं, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रचार के दैनिक कार्यक्रम पहले से साझा किए जाते हैं।

बहरहाल, कांग्रेस नेता रिज़वान का वीरा के खिलाफ खुला ऐलान ज़मीन पर सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और संवाद की कमी वाली तस्वरी पेश कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इस बात से इनकार किया कि उनकी ओर से कोई विरोध हुआ है, उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रमों के बारे में एसपी की ओर से कोई सूचना नहीं होने के बाद भी पार्टी नेता खुद को अभियान में शामिल कर रहे हैं।

हालाँकि, हसन के नर्सिंग होम से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर शहर के कचहरी इलाके में राय विभाजित है। एक व्यापारी मोहम्मद जमील ने कहा कि वह हसन को हटाने के एसपी के फैसले से खुश हैं। वह बहुत विनम्र हैं लेकिन पुलिस मामलों में गरीब लोगों की मदद करने के लिए अपने रास्ते से बाहर नहीं जाते हैं। वहीं वीरा भी इस सिलसिले में एक्टिव हैं। पिछले शुक्रवार को वह मुसलमानों से मिलीं, जो अलविदा-की-नमाज़ (रमज़ान के आखिरी शुक्रवार की प्रार्थना) अदा करने के बाद जामा मस्जिद से बाहर आ रहे थे और उन अधिकारियों से भिड़ गईं जो हमें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। वह हमारे लिए लड़ सकती हैं। स्थानीय लकड़ी व्यापारी शमशुद्दीन ने दावा किया कि हसन ने विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कभी भी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा नहीं की। वह चाहते हैं कि मुरादाबाद में (आम आदमी पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जैसा कोई नेता हो, जो हमें सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं दिलाने में मदद कर सके। शम्सुद्दीन ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार से कोई वास्तविक समस्या नहीं है। मैं सुरक्षित महसूस करता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था पर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को सस्ती बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी सोचना चाहिए। शमशुद्दीन के पड़ोसी शारिक जावेद जिले में अपने सबसे बड़े नेता एसटी हसन को सपा द्वारा हटाए जाने से नाराज हैं और उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बंट जाएगा। सपा के एक जिला पदाधिकारी ने भी जावेद के विचारों से सहमति जताई। नेता ने कहा कि चूंकि हसन की जगह एक हिंदू उम्मीदवार को लाया गया है, इसलिए समुदाय का एक वर्ग सैफी को पसंद करेगा।

बात बीजेपी की कि जाये तो पिछले साल अगस्त में, आदित्यनाथ सरकार ने 1980 में मुरादाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों पर जस्टिस एमपी सक्सेना आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया, जिसकी विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसने भाजपा पर सीट पर चुनाव का धुव्रीकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बात दें 13 अगस्त, 1980 को मुरादाबाद शहर की एक ईदगाह में एक सुअर के घुसने के बाद दंगे भड़क उठे थे। मुसलमानों और पुलिस के बीच हुए विवाद और पुलिस गोलीबारी में कई मुसलमानों की मौत हो गई थी। यह घटना तब हुई जब उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों में क्रमश: वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थीं। नवंबर 1983 में इसकी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई थी, लेकिन अब सार्वजनिक हुई रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, हिंसा में भाजपा, आरएसएस और पुलिस सशस्त्र कांस्टेबुलरी की कोई भूमिका नहीं थी। रिपोर्ट में आईयूएमएल नेता शमीम अहमद और एक हामिद हुसैन को दोषी ठहराया गया है।

ज़मीनी स्तर पर यह रिपोर्ट बमुश्किल ही हलचल पैदा करती है। हिंसा के केंद्र ईदगाह में बैठे 82 वर्षीय महमूद ने बताया कि इतने वर्षों बाद भी नई पीढ़ी इस घटना से अनजान है। रिपोर्ट को सार्वजनिक करके, भाजपा संभवत: चुनाव को सांप्रदायिक बनाना चाहती है। लेकिन इसकी जरूरत नहीं थी क्योंकि यहां चुनाव हमेशा धार्मिक आधार पर लड़े जाते रहे हैं। ईदगाह के सामने कपड़े की दुकान चलाने वाले हरीश शर्मा ने भी कहा कि भाजपा को इस रिपोर्ट से कुछ हासिल नहीं होगा। नए मतदाताओं ने केवल हिंदू-मुस्लिम सद्भाव देखा है। मुझे नहीं लगता कि कोई मतदाता रिपोर्ट के कारण अपना मन बदलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने इन आरोपों से इनकार किया कि रिपोर्ट पार्टी के अभियान का हिस्सा थी। उनका कहना था हम रिपोर्ट पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। सब जानते हैं कि दंगा किसने भड़काया। यह घटना मुरादाबाद पर एक धब्बा थी। उन्होंने स्वीकार किया कि युवा लोगों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## राम राज्य के बिना रामनवमी कैसी?

जब से भगवान श्रीरामचंद्र जी का मंदिर श्री अयोध्या में जी में बनकर तैयार हो गया, हमारे सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव की पुनः प्रतिष्ठा हो गई, उसी समय से यह प्रश्न हर राम भक्त के सामने है कि राम जी का मंदिर बना लेना ही पर्याप्त है या राममय जीवन, राममय राष्ट्र, राममय सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी क्यों न हो? उसके लिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम राज्य का जो वर्णन किया, वैसा राम राज्य हमारे देश में और इसके साथ ही विश्व भर में स्थापित होना ही चाहिए, पर याद यह भी रखना होगा कि मदिरालय, वेश्यालय, बूचडख़ाने और जुए के अड्डे जब तक देश में रहेंगे, राम राज्य कैसे आएगा। यह तो कलियुग के निवास स्थान हैं। याद रखना होगा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्य, न्याय एवं सद्‌चरित्र के प्रतीक हैं। युगों-युगों से भारतवासी इस दिवस को गौरव से मनाते आ रहे हैं। कोई किसी भी धर्म, संप्रदाय में आस्था रखने वाला हो, पर श्रीराम जी को जीवन में आदर्श के रूप में स्वीकार करता है। वे आदर्श राजा हैं, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई एवं आदर्श पति भी हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में भगवान श्रीराम के इस धरती पर मानव अवतार में प्रकट होने के संबंध में भी लिखा है ='जब जब होहि धर्म की हानि, बाढ़हिं असुर महा अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा।' इसके साथ ही भगवान राम के इस संसार में अवतरण का उद्देश्य और कारण बताते हुए भी तुलसीदास जी ने कहा है- 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार।'

आज जब हर नगर, प्रदेश और देश से प्रतिदिन महिलाओं के अपमान और उनके साथ बलात्कार की घटनाएं सुनने, देखने को मिलती हैं, ऐसे समय में भगवान श्रीराम के वे शब्द जो बाली को तीर मारने के बाद बाली के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहे थे, समाज के लिए ज्योतिपुंज और मार्गदर्शक हैं। राम जी के बाण से घायल बाली ने श्रीराम से यह प्रश्न किया ='मैं वैरी सुग्रीम पियारा, कारण कवन नाथ मोहि मारा।' उसी समय भगवान श्रीराम जी ने उत्तर दिया ='अनुज वधु, भगिनि सुत नारी, सुन सठ कन्या सम ए चारि, इनहिं कुदृष्टि विलोकहि जोई, ताहि वधे कछु पाप न होई।' यह वाक्य आज के युग की विषमताओं का समाधान देने वाला है। भगवान रामजी का सारा ही जीवन अधर्म और अत्याचार से संघर्ष करते हुए जन-जन के लिए कल्याणकारी, श्रेष्ठ राज्य की स्थापना करने में लगा। जिस समय रामचंद्र जी का राज्याभिषेक करने की तैयारियां हो रही थीं, उसी समय उन्हें यह पता चल गया कि उनके पिता ने तो उन्हें 14 वर्ष का वनवास दिया है। मां कौशल्या से भी उन्होंने यही कहा ='पिता दीन मोहि कानन राज्य।' पिता की आज्ञा का पालन कर श्रीरामचंद्र जी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जंगल के लिए चल पड़े। उनका तो जन्म ही अत्याचारियों और राक्षसों को समाप्त करने के लिए हुआ था। वे राजा बनकर अयोध्या में कैसे रुक जाते। यह निश्चित ही उनकी अपनी लीला थी। वनवास काल में जब उन्होंने रावण और अन्य राक्षसों द्वारा मारे गए निर्दोष ऋषि-मुनियों और नागरिकों की अस्थियों के बड़े-बड़े ढेर देखे तो एक आदर्श महामानव और शासक की तरह

**हम भारतीयों को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि भगवान श्रीराम ने भारत में ही अवतार लिया और उनके कारण ही भारत देश विश्व में एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर रहा है जो भावी असंख्य पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत और श्रद्धापुंज बना रहेगा।**

यह संकल्प लिया ='निश्चिर हीन करहूं मही, भुज उठाई प्रण कीन, सकल मुनिन्ह के आश्रमहीं जाई जाई सुख दीन।' जो संकल्प भगवान राम ने लिया उसे एक आदर्श प्रजापालक राजा की तरह अधर्म के प्रतीक राक्षसों के साम्राज्य का नाश करके पूरा किया। जिस रावण के लिए यह कहा जाता था कि काल भी उसके घर में बंधक है और सभी देवता अर्थात प्राकृतिक शक्तियां उसके अधीन हैं, उसी रावण को इस तरह वंश सहित नष्ट कर दिया जिससे उसके परिवार में कोई पितरों के नाम पर दीपक जलाने वाला भी न बचा।

कवि ने लिखा है : 'इक लाख पूत, सवा लाख नाती, ता रावण कर दीया न बाती।' रावण की मृत्यु रामजी के हाथों किसी निजी स्वार्थ अथवा लंका पर विजय प्राप्त कर अपने राज्य का प्रसार करने के लिए नहीं थी, अपितु अधर्म को मिटाकर सुशासन की स्थापना के लिए थी। रावण के भाई विभीषण को लंका का राज्य सौंपकर स्वयं 14 वर्ष के वनवास की अवधि पूरी होने के साथ ही वे अयोध्या वापस पहुंचने के लिए वचनबद्ध थे। रामजी का स्वदेश प्रेम जो उस समय महाकवि वाल्मीकि जी ने भी संसार को सुनाया, वह आज भी सभी देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज है। रावण रहित लंका में एक दिन रहने का निमंत्रण मिलने पर भी उन्होंने कहा, लक्ष्मण! लंका चाहे सोने की है पर मुझे यहां रहना स्वीकार नहीं, क्योंकि मां और मातृभूमि तो स्वर्ग से भी श्रेष्ठ होती है। 'अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।/जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥' आज जो लोग अपने देश के प्रति पूर्ण कर्त्तव्य का पालन नहीं करते और देश छोडक़र दूसरे देशों में सुख-आराम की खोज में चले जाते हैं, उनके लिए यह बहुत बड़ा संदेश है। 14 वर्ष के वनवास के पश्चात जब रामजी अयोध्या आए, उनका राज्याभिषेक हुआ, तब भी उन्होंने एक आदर्श राजा और आदर्श राज्य का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जिसके तुल्य आज भी दूसरा कोई नहीं। तुलसी लिखते हैं- 'राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भय गए सब शोका। /दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, राम राज्य काहूहिं नहीं व्यापा, सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति। सब निर्दंभ धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी।' समय चक्र से भारत परतंत्र हो गया, सदियों तक हम गुलाम रहे। देश में पुरुष और महिला दोनों ही शिक्षा-दीक्षा के क्षेत्र में पीछे रह गए। स्वतंत्रता के बाद भी बहुत से लोग महिलाओं के साथ भेदभाव रखते हुए उन्हें शिक्षा से वंचित रखना ही अपनी शान समझते थे, उस समय भगवान राम का यह उदाहरण कि रामराज्य में महिलाएं और पुरुष सभी शिक्षित, चतुर और गुणी थे, हमें आगे का रास्ता दिखाने वाला आदर्श वाक्य मिला। आज यह भी सोचना है कि जिस धर्म की स्थापना हेतु भगवान श्रीराम इस संसार में आए थे और जिस अधर्म के कारण रावण वंश सहित नष्ट हुआ था आज हम सब भारतीय और दुनिया भर में बसे भारतवंशी विशेषकर रामजी को अपना आदर्श मानने वाले समाज का यह कर्त्तव्य है कि हम उसी रास्ते पर चलें जो धर्म, सत्य और सदाचार का रास्ता भगवान श्रीरामचंद्र जी ने दिखाया था, क्योंकि वे तो इस संसार में प्रकट ही साधुओं अर्थात सज्जनों की रक्षा के लिए, दुष्टों के नाश के लिए और धर्म की स्थापना और उन्नति के लिए ही हुए थे।

तुलसीदास जी ने यह लिखा है : 'विप्र धेनु सुर संत हित, लीन मनुज अवतार।' आज भी हर माता राम जैसा पुत्र, प्रजा राम जैसा राजा, बेटियां रामजी जैसा पति और भाई भरत और लक्ष्मण भी राम जैसे अग्रज की ही आशा करते हैं। आइए हम संकल्प लें कि श्रीरामजन्म का पर्व इस संकल्प के साथ ही मनाएं कि जो सन्मार्ग, मर्यादा पूर्ण जीवन का मार्ग भगवान श्रीरामचंद्र जी ने इस संसार को दिखाया था हम उसी रास्ते पर चलें। मर्यादा पुरुषोत्तम न भी बन पाए तो भी मर्यादा मानव तो बनें। याद रखना होगा कि मर्यादा के किनारों में ही गंगा रहती है, अन्यथा बाढ़ और कीचड़ बन जाती है। हम भारतीयों को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि भगवान श्रीराम ने भारत में ही अवतार लिया और उनके कारण ही भारत देश विश्व में एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर रहा है जो भावी असंख्य पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत और श्रद्धापुंज बना रहेगा। आज के भारतीय समाज में कानून द्वारा भी जिस सहजीवन अर्थात लिव-इन-रिलेशनशिप को संरक्षण और मान्यता दी जा रही है, इसके साथ ही विवाहेत्तर संबंधों को भी अपराध न मानने की बात की गई है, ऐसी व्यवस्था तो रावण के राज्य में भी नहीं थी। हम राम राज्य के उत्तराधिकारी आज राम राज्य की स्थापना करने के लिए प्रयत्नशील हैं। इस प्रयास में सफलता जरूरी है।

**लक्ष्मीकांता चावला**
**स्वतंत्र लेखिका**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : दशमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि की शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। लेकिन खर्च की स्थिति कर्ज की स्थिति ला सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** कन्या राशि वालों को चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नरमस्तक होंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है और व्यापार बहुत अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** घरेलू सुख बढ़-चढ़कर बढ़ेगा। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि और वाहन की खरीदारी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोई नए कार्य की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** स्वास्थ्य में बहुत सुधार होने की गुंजाइश है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा,व्यापार बहुत अच्छा, धन का आगमन दिख रहा है

# 'मुख्यमंत्री की जनसभा में जायेंगे हजारों लोग'



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि आह्वान करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में कल दिनांक 18 अप्रैल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए झाझर कुटवायार रोड पर सोलंकी फार्म हाउस पर सुबह 10.00 बजे कार्यकर्ता पहुंचेगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, जिला महामंत्री योगेश चौधरी, धर्मेन्द्र कोरी, जिला मंत्री गुरुदेव भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, पंकज रावल, अर्पित तिवारी, मनीष भाटी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राचीन बाराही मेला 22 से, तैयारी पूरी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर में सैकडों वर्षो से ऐतिहासिक गौरवपूर्ण परंपरागत अपनी भारतीय सभ्यता एंव संस्कृति को सजोए हुए ऐतिहासिक बाराही मेला नई उमंग के साथ ग्रामीण परिवेश में तैयार है। मेला 22 अप्रैल से लेकर 04 मई तक प्राचीनकालीन बाराही मेला आयोजित किया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि सूरजपुर में वर्षो से लगता चला आ रहा प्राचीनकालीन बाराही मेला इस बार फिर 22 अप्रैल-2024 से लेकर 04 मई-2024 तक आयोजित किया जा रहा है और जिसकी सभी तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मेले में राजस्थानी लोकनृत्य, गीत संगीत के साथ साथ रागनियों की श्रंखला चलेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला,मौत का कुआ, सर्कस, जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

शिव मंदिर मेला समिति ( पजी0 ) के महासचिव ओमवीर बैंसला ने बताया कि सूरजपुर में हर वर्ष लगने वाला प्राचीन बाराही मेला.-2024, इस बार पुन: आयोजित किया जाएगा।

बाराही मेला समिति मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस बार लगने वाले बाराही मेला.-2024 की तैयारियां पूरे जोर शोर से शुरू कर दी है। यहां प्राचीन मंदिरों की रंगाई पुताई कर प्रति वर्ष की भांति सजाया जा चुका है।

इस मौके पर बाराही मेला समिति अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र ठेकेदार, सहसचिव विनोद भाटी, उपाध्यक्ष जगदीश भाटी एडवोकेट, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, सह मीडिया प्रभारी राजवीर शर्मा, सुभाष शर्मा और लीलू भगतजी, व्यवस्थापक रवि भाटी, व्यवस्थापक भोपाल ठेकेदार, संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र देवधर, प्रचार मंत्री पवन जिंदल,सह व्यवस्थापक धर्मवीर तंवर, व्यवस्थापक महाराज सिंह उर्फ पप्पू, उप प्रचार मंत्री हरि किशन, सह व्यवस्थापक ब्रहम सिंह नागर, सह व्यवस्थापक तोलाराम, सह व्यवस्थापक देवेंद्र देवधर और सदस्यों में सतपाल शर्मा एडवोकेट, प0 शिवदत्त आर्य, राजेश शर्मा, सुनील शर्मा, राजपाल खटाना, रूपेश चौधरी, भंवर सिंह बैसोया, अनिल कपासिया, अज्जू भाटी, देवा शर्मा, हरि शर्मा, राजकुमार नागर, रामौतार गर्ग, विशाल गोयल, योगेश अग्रवाल, अनिल भाटी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी ने सूरजपुर में निकाली शोभायात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदू युवा वाहिनी ने राम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र शिव तांडव ,भारत माता ,सम्राट विक्रमादित्य ,गौ माता ,राम दरबार अनेकों झांकियां रही हजारों लोगों ने यात्रा में सम्मिलित होकर श्री राम के जयकारों से पूरा सूरजपुर गूंज उठा। हजारों लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा पाठ किया।

मुख्य अतिथि नागेंद्र तोमर, अवनीश सोनू भैया ,जोगेंद्र भारद्वाज कर्मवीर आर्य, प्रधान धर्मपाल भाटी ,चेनपाल प्रधान ,रुपेश चौधरी भूपेंद्र फागना, ओमवीर बैसला रविंद्र मास्टर लक्ष्मण सिंघल राजेश ठेकेदार अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सलारपुर में निकाली भव्य कलशयात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज से शुरू हो रहे श्री राम कथा आयोजन के पूर्व भव्य कलश यात्रा सेक्टर 81 स्थित शिव मंदिर से निकली गई। इस भव्य कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे बताते चले कि यह राम कथा एवं 21 कुंडी महा यज्ञ का आयोजन 27 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक किस नेता सुभाष भाटी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। इस आयोजन में दूर-दूर से लोगों ने आकर कलश यात्रा में अपनी हिस्सेदारी की है। इस अवसर पर अशोक घाटी सहित कई अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे।





भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में 65वें दिन भी जारी रहा।



ग्रेटर नोएडा में आयोजित भाजपा के एक कार्यक्रम में भागीदारी करते लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी एवं अन्य।

# सीलिंग के बाद भी सेक्टर-104 में कमर्शियल भवन का अवैध निर्माण जारी

## प्राधिकरण व पुलिस की सांठगांठ से हो रहा है अवैध निर्माण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-104 हाजीपुर में सीईओ के कड़े निर्देश के बाद भी अवैध निर्माण चालू है। विगत दिनों प्राधिकरण ने चिट्ठी लिखकर पुलिस को कार्य रुकवाने के लिए अनुरोध किया था। पूर्व में भी ताला तोड़कर सील तोड़ दी गई थी निर्माण चालू कराया गया था और प्राधिकरण के संज्ञान में आते ही प्राधिकरण ने दोबारा से लगाई थी और दो बार मुकदमे दर्ज किए थे।

8 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता के द्वारा नोएडा प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि प्राधिकरण की भूमि पर कमर्शियल वह निर्माण चल रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने 30 अक्टूबर 2023 को सार्वजनिक रूप से अवैध निर्माण को सील किया और स्थानीय पुलिस को चिट्ठी के माध्यम से अवैध कार्य रुकवाने के लिए अवगत कराया था। लेकिन अवैध निर्माणकर्ताओं ने प्राधिकरण की सील तोड़कर पुन: निर्माण शुरू कर दिया इसके पश्चात 29 नवंबर 2023 को प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के संबंध में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई और पुन: निर्माण को सील कर दिया गया।

लेकिन अवैध कब्जाधारी द्वारा सात जनवरी 2024 को पुन: ताला तोड़कर निर्माण शुरू कर दिया इसके संबंध में नोएडा फिर ने दुबारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई लेकिन आलम यह है कि अवैध कब्जाधारी कुछ अधिकारियों और माफियाओं से मिलीभगत करके लगातार आम जनता व प्राधिकरण को चूना लगाकर लगातार निर्माण कर रहे हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**हवन-पूजन के...**

ये सभी कार्यक्रम नोएडा स्टेडियम में होते थे। इस बार सिर्फ हवन पूजन किया गया। हवन के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने करने की शपथ ली। साथ ही नोएडा वासियों से अपील की कि वे भी 26 अप्रैल को घर से बाहर निकले और मतदान करे। इस दौरान शहर को साफ सुथरा रखने की शपथ भी ली गई। हवन के दौरान प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री के अलावा विभिन्न अधिकारी तथा सभी वर्कसर्किल के वरिष्ठ प्रबंध तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**प्रेमी को भेज दिये...**

उसके भाई रजाउल्ला फारूकी से की। शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी अभी भी फोटो, वीडियो वायरल कर उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**चुनाव में शुचिता...**

सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ एडीआर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की थी। दरअसल, याचिका में मांग की गई थी कि ईवीएम में डाले जाने वाले वोट का सौ फीसदी वीवीपैट मशीन के साथ क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जाए, ताकि मतदाता को पता चल सके कि उसने सही वोट दिया है।

**ग्रेटर नोएडा में बड़े...**

भारी मात्रा में कच्चा माल वह एमडीएमए मादक पदार्थ बनाने में प्रयोग होने वाले कच्चा माल उपकरण, रसायन पुलिस ने बरामद किया है। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मे करीब 150 करोड रुपए है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना ईकोटेक -प्रथम के प्रभारी अनुज कुमार, थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय तथा स्वाट टीम के प्रभारी यतेंद्र सिंह ने एक सूचना के आधार पर बीती रात को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के पास से ओनय्कची फ्रैंक निवासी नाइजीरिया, तथा इमैनुवल निवासी नाइजीरिया को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने एक कार में रखी हुई एमडीएमए मादक पदार्थ बरामद किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि ओमिक्रान-प्रथम में स्थित एक मकान में वे लोग रहते हैं, तथा वहां पर एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ बनाने की वे लोग फैक्ट्री चलाते हैं।

उन्होंने बताया कि उनकी सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना दादरी रोड के सेक्टर ओमीक्रॉन के मथुरापुर में उक्त मकान में छापा मारकर वहां मौजूद इफेनयी जॅनबॉस्को तथा चिडी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से बनी हुई कुल 26 किलो 760 पर ग्राम क्रिस्टल/ एमडीएमए पाउडर, अवैध रूप से मादक पदार्थ बनाने में प्रयोग होने वाले कच्चा माल, उपकरण, रासायनिक माल व रसायन तथा दो कार बरामद हुई है।

पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो उसमें रसायन व कूड मैटीरियल के माध्यम से बनाये गये क्रिस्टल एमडीएमए मैटाफीटामाइन ड्रग्स (कोकीन/मैथाक्कालीन) के साथ ही हाइपोक्लोरायड एसिड, सल्फेरिक एसिड, एसीटोन 25 लीटर हाइपोफोस्फोरस एसिड, मेथेनॉल इंडेक्शन इलेक्ट्रिक चूल्हा, हीटिंग मैंटल प्लास्टिक के खाली डिब्बे, ड्रम व ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी नाइजीरिया से आकर भारत में अवैध रूप से रह रहे थे, तथा ये लोग मादक पदार्थ बनाकर देश के विभिन्न भागों में और यहां के विभिन्न विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेचते थे। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की कीमत करोड़ों रुपए है।

**चुनावी मौसम...**

इसके पास से 192 पव्वे टेट्रा पैक देसी शराब के बरामद हुए। इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने सेक्टर 18 बिजली घर के पास से मोनू को गिरफ्तार किया। इसके पास से 305 पव्वे अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का के बरामद हुए।

थाना फेस-1 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर डीएनडी बॉर्डर के पास से रशीद को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 44 पव्वे माल्टा देसी शराब के बरामद हुए। इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने सेक्टर-10 की झुग्गी बस्ती में अवैध रूप से शराब बेच रहे जय प्रताप उर्फ जेपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की झुग्गी से 10 पेटी शराब की बरामद हुई। इसमें 450 पाउच देशी शराब के मिले। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर पुस्ता रोड के नीचे से मिंटू उर्फ कृष्ण को गिरफ्तार किया। इसके पास से 105 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। थाना जारचा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 110 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने रसूलपुर तिराहे से योगेंद्र कुमार शर्मा व रणवीर सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 110 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह निर्माणाधीन साइट पर मजदूरों को शराब की बिक्री करते हैं। थाना कासना पुलिस ने पैराडाइज चौराहा के पास से 100 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह ठेके से शराब खरीद कर फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों को महंगे दामों पर शराब बेचता था।

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति जब्त



**मुंबई ( एजेंसी )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर बड़ससस एक्शन लिया है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के धन की धोखाधड़ी से संबंधित है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की पुणे में एक बंगला और इक्विटी शेयरों सहित 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

ईडी ने सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया गया है। पोस्ट में जानकारी दी गई कि जब्त की गई संपत्ति में जुहू में स्तिथ एक बंगला शामिल है, जो शिल्पा शेट्टी के नाम पर है। साथ ही पुणे में मौजूद एक बंगला भी शामिल है। इसके अलावा राज कुंद्रा के नाम पर कुछ इक्विटी शेयर भी ईडी ने जब्त किए हैं।

राज कुंद्रा को 19 जुलाई, 2021 को 11 अन्य लोगों के साथ कथित रूप से अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुंद्रा को 20 सितंबर को मुंबई की एक अदालत ने एडल्ट फिल्म मामले में 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी थी। कुंद्रा के खिलाफ कथित रूप से 'हॉटशॉट्स' नामक मोबाइल ऐप का उपयोग करके अश्लील फिल्मों के निर्माण और वितरण करने के आरोप लगाए गए थे। वहीं कुंद्रा ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि उन्हें झूठा फंसाया गया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 04/2024 दिनाँक 16.04.2024

ई-प्रापण निविदा सूचना

| क्र.सं. 1 | निविदा सख्याः 13245240 | खुलने की दिनांक 16.05.2024 |
|---|---|---|
| विवरणः शेड्यूल मेंटेनेंस के लिए एक सेट मेंटेनेंस स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति यानी बी-SPIC-AC "PARAKH" के कमिंस इंजन (Cap-340HP) की जांच और सी- चेक (230085 एनसी)' अनुबंध-ए के अनुसार। (एक सेट में 76 वस्तुओं में 46 आइटम शामिल हैं। प्रति अनुबंध-ए) । | | |

मात्राः 01 सेट, ईएमडी (₹): निल, निविदा खुलने की तिथिः 16.05.2024, नोटः 1.उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदओं का पुरा विवरण- IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है । 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई- बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी । वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्तक्षरित होने चाहिए। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है । 691/24 (ADM)

@CPRONCR North central railways @ cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं:0620242025-08 दिनांकः 15.04.2024

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यो के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 07.05.2024 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| निविदा नं.: 08 | अनुमानित मूल्य (₹): ₹9,45,07,030.69 |
|---|---|
| कार्यों का विवरणः मण्डल इंजीनियर/पंचम/प्रयागराज के अन्तर्गत कानपुर-रूरा खंड में 160 किमी0 प्रति घंटा तक की गति बढ़ाने के सबंध में सी आर ओ गेट सहित रेलपथ के साथ-साथ डब्ल्यू धातु कैटल बैरियर उपलब्ध कराना और तैयार करने का कार्य। | |

बयाने की रकम(₹): ₹6,22,500.00, कार्य समापन की अवधि:03 माह, निविदा खुलने की तिथिः 07.05.2024, इलिजिबिलिटी काइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य, नोटः 1: आन लाइन निविदा दिनांक 07.05.2024 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2: उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर समय 13:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 07.05.2024 तक उपलब्ध है। 669/24(DG)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

खास खबर



## कंपनी इंडोनेशिया में विनिर्माण पर विचार कर रही है: एप्पल के सीईओ

**जकार्ता एजेंसी।** एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने बुधवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो से मुलाकात के बाद कहा कि कंपनी इंडोनेशिया में विनिर्माण पर विचार कर रही है। कुक ने मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा, ''हमने देश में विनिर्माण को लेकर राष्ट्रपति की इच्छा के बारे में बात की और हम इस पर ध्यान देंगे। कुक ने कहा, मुझे लगता है कि इंडोनेशिया में निवेश की अनंत क्षमता है। मुझे लगता है कि निवेश करने के लिए बहुत से बेहतरीन स्थान हैं। हम निवेश कर रहे हैं। हम देश में विश्वास रखते हैं।

## वित्त वर्ष 2023-24 में स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की संपत्ति 83 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उछाल तथा बाजार में तेजी से मार्च 2024 के अंत में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड श्रेणी की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ गई। यह सालाना अधार पर 83 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। संपत्ति में वृद्धि को निवेशकों की संख्या में वृद्धि ने बल दिया। मार्च 2024 में फोलियो की संख्या 1.9 करोड़ तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 1.09 करोड़ थी। इसमें 81 लाख इज़ाफा हुआ। यह स्मॉल-कैप फंड के प्रति निवेशकों के रुझान को दर्शाता है। फायर्स में उपाध्यक्ष (अनुसंधान) गोपाल कवलिरेड्डी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का वृद्धि पथ लोगों की बढ़ी हुई रुचि को आकर्षित कर रहा है। इससे कई गैर-सूचीबद्ध स्मॉल-कैप कंपनियां पूंजी बाजार से समर्थन मांग रही हैं। यह प्रवृत्ति दीर्घकालिक विकास संभावनाओं पर नजर रखने वाले निवेशकों को आशाजनक अवसर प्रदान करती हैं।

## एलेक्सा पर अन्य उपयोगकर्ताओं के मुकाबले बिताते हैं दोगुना अधिक समय

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत में छोटे बच्चों वाले परिवार, जो एलेक्सा का उपयोग करते हैं, वे अन्य उपयोगकर्ताओं के मुकाबले इसका दोगुना उपयोग करते हैं और इस पर भारतीय लोककथाओं से लेकर जानवरों तक की आवाज़ें सुनते हैं। छोटे बच्चों के माता-पिता अपने रोज़मर्रा के पालन-पोषण से जुड़े काम में एलेक्सा की मदद लेते हैं और एलेक्सा से राइम, कहानियां, खेल, सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न आदि पूछकर अपने बच्चों को व्यस्त रखते हैं। उपयोगकर्ता एलेक्सा को हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में सरल वॉयस कमांड देने की आसानी और सुविधा का आनंद लेते हैं, जिससे एआई, माता-पिता के लिए सहायक और बच्चों के लिए साथी बन जाता है। वाइल्ड प्लैनेट स्किल के माध्यम से जानवरों की आवाज़ पैदा करने की एलेक्सा की क्षमता ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के बस्ती में एक 13 वर्षीय लड़की और उसकी 15 महीने की भतीजी को बंदर के हमले से बचाने में मदद की। एलेक्सा, कुत्ते की आवाज़ निकालो बोलकर वह लड़की बंदरों को डराने में सफल रही। अमेज़न इंडिया के एलेक्सा के निदेशक और कंट्री मैनेजर, दिलीप आर.एस. कहते हैं, माता-पिता अक्सर हमें बताते हैं कि एलेक्सा उनके लिए बच्चों के लालन-पालन के लिहाज़ से बेहद मददगार है।

# रघुराम राजन ने कहा कि भारत में बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ी

### पीएचडी वाले रेलवे में चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं

### भारत अपने युवाओं की क्षमता का पूरा फायदा नहीं उठा पा रहा है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का कहना है कि चीन और साउथ एशिया के दूसरे देशों की तुलना में भारत अपने युवाओं की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। उनका कहना है कि भारत को अपने लोगों की स्किल को सुधारने पर फोकस करना चाहिए। मोदी सरकार की नीतियों के धुर आलोचक माने जाने वाले राजन ने कहा कि भारत में हर सेक्टर में समस्या है और यही वजह है कि कई इनोवेटर्स विदेश जाकर कंपनियां बना रहे हैं। देश में भयंकर बेरोजगारी है। हालत यह है कि पीएचडी वाले भी रेलवे में चपरासी की नौकरी के लिए अप्लाई कर रहे हैं।



राजन में जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत को जीडीपी के सही आंकड़े बताने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम डेमोग्राफिक डिविडेंड के बीच में हैं लेकिन समस्या यह है कि हम इसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। चीन और कोरिया जब इस स्थिति में थे तो उन्होंने इसका कहीं बेहतर तरीके से फायदा उठाया था। लेकिन हम अपने युवाओं को काम नहीं दे पा रहे हैं। सवाल उठता है कि हम कैसे रोजगार पैदा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि हम लोगों की क्षमताओं को बढ़ाकर ऐसा कर सकते हैं। साथ ही रोजगार की प्रकृति भी बदली जा सकती है। हमें दोनों मोर्चों पर काम करने की जरूरत है।

### विराट कोहली वाली मानसिकता

भारत से प्रतिभाओं के पलायन के बारे में राजन ने कहा कि आज कई भारतीय इनोवेटर सिंगापुर या सिलिकॉन वैली जाकर कंपनियां बना रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उन्हें वहां काम करना आसान लगता है। उन्होंने कहा, हमें यह पूछना चाहिए कि उन्हें भारत के बाहर जाने की जरूरत क्यों पड़ रही है। इनमें से कई लोग दुनिया को बदलना चाहते हैं और भारत में रहकर खुश नहीं हैं। वे वैश्विक स्तर पर अपना विस्तार करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि भारत में युवाओं के वर्ग की मानसिकता विराट कोहली जैसी है। यानी हम दुनिया में किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सर्विसेज, मैन्यूफैक्चरिंग और एग्रीकल्चरल कंस्ट्रक्शन हर क्षेत्र में समस्या है। देश में बेरोजगारी की दर बहुत ज्यादा है। लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन बहुत कम है। महिलाओं की भागीदारी तो बहुत कम है। पढ़े-लिखे लोगों में बेरोजगारी की दर ज्यादा है। सरकारी नौकरियों के लिए बहुत लोग अप्लाई करते हैं। पीएचडी वाले भी रेलवे में चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। बेरोजगारी की समस्या पिछले 10 साल में पैदा नहीं हुई है बल्कि यह समस्या कई दशक से बढ़ रही है। हमें यह देखने की जरूरत है कि गलती कहां हुई है और इसे कैसे दुरुस्त किया जा सकता है। हम लंबे समय तक इस समस्या को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

## वेदांता को मिला 27 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेदांता लिमिटेड को जीएसटी टैक्स का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस बारे में मंगलवार को बताया कि वेदांता को वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2020-21 की अवधि के लिए 27.97 करोड़ रुपए के जीएसटी के जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ये फाइन वित्त वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक के इनपुट टैक्स क्रेडिट रीकॉन्सिलेशंस से जुड़े विवाद से संबंधित है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, 'कंपनी को अतिरिक्त आयुक्त, जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, राउरकेला के कार्यालय से ये आदेश मिला है, जिसमें टैक्स की मांग और लागू ब्याज के साथ 27.97 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने के लिए कहा गया है। इस मामले में कंपनी का कहना है कि वो इस विवाद से जुड़े मामले को निपटाने के लिए अपीलीय प्राधिकारियों के साथ आदेश के बारे में अपील करेगी। कंपनी ने इस मामले को लेकर अपने स्टेकहोल्डर्स को एक संबोधन में भरोसा दिलाया कि इस जुर्माने का उन पर कोई भौतिक वित्तीय प्रभाव उन पर पड़ने की आशंका नहीं है। स्टेकहोल्डर्स को किए गए संबोधन में कंपनी ने कहा, 'कंपनी का उक्त आदेश के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारियों के पास अपील दायर करने का इरादा है। कंपनी को इस मामले में अनुकूल परिणाम की उम्मीद है।

## टाटा पावर के ईवी चार्जिंग नेटवर्क ने 10 करोड़ हरित किलोमीटर का पड़ाव पार किया

**मुंबई एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग समाधान प्रदाताओं में से एक, टाटा पावर ने सार्वजनिक, अर्ध-सार्वजनिक, बस/फ्लीट और पूरे भारत में होम चार्जर सेगमेंट में 10 करोड़ (100 मिलियन) हरित किलोमीटर तक बिजली पहुंचाने वाली पहली ईवी चार्जिंग समाधान प्रदाता बन गई है। यह उपलब्धि देश भर में टिकाऊ मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने में टाटा पावर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।




वर्ष 2030 तक देश में हो रही वाहनों की कुल बिक्री में से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक हो इस लक्ष्य को लेकर भारत ने पर्यावरण के पूरक परिवहन का दृष्टिकोण अपनाया है, साथ ही ,॒ब्क्त,द्दईं और नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से ई-मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईवी चार्जिंग सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए इस परिवर्तन के बुनियादी ढांचे के रूप में, टाटा पावर ने ईज़ी चार्ज के नाम से अपने नेटवर्क को 86,000 से अधिक होम चार्जर, 5,300+ सार्वजनिक, अर्ध-सार्वजनिक और फ्लीट चार्जिंग पॉइंट के साथ-साथ 530 शहरों में 850+ बस चार्जिंग स्टेशनों तक बढ़ाया है। लोगों की आसानी के लिए इन चार्जर्स को राजमार्गों, होटलों, मॉलों, अस्पतालों, कार्यालयों, आवासीय परिसरों आदि जैसे कई अलग-अलग और भारी आवाजाही वाले स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। टाटा पावर के यह प्रयास भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तेज़ी से वृद्धि को सुविधाजनक बनाने में सहायक रहा है।

उद्योग के एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2030 तक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की वार्षिक बिक्री 1 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। टाटा पावर, देश भर में अपनी उपस्थिति के साथ, इस परिवर्तन में सबसे आगे है। इलेक्ट्रिक वाहनों और ईवी चार्जिंग की बुनियादी सेवाओं की मांग में वृद्धि के साथ, टाटा पावर आरएफआईडी कार्ड जैसे तकनीकी-सक्षम ग्राहक-केंद्रित समाधान भी ला रहा है। शून्य-उत्सर्जन गतिशीलता के प्रति अटूट समर्पण के लिए टाटा पावर को शून्य इन्फ्रास्ट्रक्चर चैंपियन यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। हाल ही में नई दिल्ली में दूसरे वार्षिक शून्य फोरम के दौरान पुरस्कार प्रदान किया गया। नीति आयोग द्वारा 2021 में शुरू किए गए शून्य - ज़ीरो पोल्यूशन मोबिलिटी कैम्पेन ने कई महत्वपूर्ण साझेदारियों को बढ़ावा दिया है।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने बड़ी टैंक क्षमता वाले एयर कूलर्स लॉन्च किए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड जो कि 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का अंग है, ने डेज़र्ट और कॉमर्शियल कैटेगरीज़ में बड़े टैंक वाले नए मॉडल्स को लॉन्च करके एयर कूलर की अपनी पहले से ही व्यापक रेंज का विस्तार किया है। बड़ी टैंक क्षमताओं, उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन वाले ये कूलर बड़ी जगहों की कूलिंग के लिए एक आदर्श विकल्प हैं। कंपनी का इस सीज़न में एयर कूलर्स की कैटेगरी में डबल डिजिट ग्रोथ हासिल करने का लक्ष्य है।



ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के बिज़नेस हेड - ईसीडी, गौरव धवन ने कहा, चूंकि मौसम विशेषज्ञों ने इस गर्मी के सीज़न में सामान्य से अधिक तापमान रहने का पूर्वानुमान लगाया है और तेज़ लू चलने की संभावना जताई है, हम एयर कूलर्स की मांग में काफी वृद्धि होने की उम्मीद कर रहे हैं। आज हम इस सेगमेंट में देश में सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांड्स में से एक हैं, और हमारे पास उपभोक्ताओं की हर ज़रूरत को पूरा करने के लिए विभिन्न आकार, साइज़, क्षमता और मटीरियल में एयर कूलर्स की एक व्यापक रेंज है। हमारी रेंज में 60 से अधिक मॉडल शामिल हैं जिनमें आईओटी-सक्षम और आवाज़ से नियंत्रित होने वाले एयर कूलर, मेटल-बॉडी वाले एयर कूलर और बिजली बचाने वाले इन्वर्टर एयर कूलर शामिल हैं। हमने हमेशा उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को समझने और उनका समाधान करने पर ध्यान दिया है। हमारे नए बड़े टैंक वाले एयर कूलर्स अत्यधिक गर्मी झेलने वाले इलाके, जैसेकि मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। अपनी कूलर्स की विशाल रेंज और अनुकूल मौसम के पूर्वानुमान के चलते हुए, हम एक अच्छे सीज़न की उम्मीद कर रहे हैं।

लॉन्च किए गए कुछ नए मॉडल्स में डेज़र्ट कूलर कैटेगरी में स्मार्टचिल 125 लीटर, अवांते 105 लीटर और टाइटन 100 लीटर हैं, और कॉमर्शियल कूलर कैटेगरी में मैक्सोचिल 100 लीटर शामिल हैं। ये कूलर एरोफेन टेक्नॉलजी वाले फैन ब्लेड्स से लैस हैं, जो प्रभावशाली ढंग से 60 फीट दूर तक हवा देते हैं।

ओरिएंट एयर कूलर्स न केवल उन्नत तकनीक से लैस हैं बल्कि डिज़ाइन और फिनिश की दृष्टि से भी ये बेहद आकर्षक हैं। ओरिएंट एयर कूलर्स की कुछ खास खूबी डेंसनेस्ट टेक्नॉलजी वाले हनीकॉम्ब पैड हैं, जो कि पानी को लंबे समय तक रीटेन करके 25 प्रतिशत अधिक कूलिंग प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इन कूलर्स में ऑटो फिल फ़ंक्शन, मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम, आइस चैंबर, कोलैप्सिबल लूवर, और कैस्टर व्हील आदि शामिल हैं। प्लास्टिक से लेकर मेटल कूलर और कॉमर्शियल से इंडस्ट्रियल एयर कूलर तक, ओरिएंट इलेक्ट्रिक के पास हर तरह की ज़रूरत और जगह के लिए एयर कूलर उपलब्ध हैं।

## मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने 1,000 करोड़ के सुरक्षित प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की

- सुरक्षित एनसीडी का पहला सार्वजनिक निर्गम
- प्रति वर्ष 9.70 प्रतिशत तक की प्रभावी उपज

**मुंबई एजेंसी।** मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शल सर्विस लिमिटेड (एम ओ एफ एस एल / कंपनी / जारीकर्ता) ने 500 करोड़ तक के ग्रीन शू विकल्प के साथ 500 (बेस इशू साइज़) की राशि तक के सुरक्षित प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की है, जिसका प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,000 है और जो संचयी रूप से 1,000 करोड़ (इश्यू) तक होगा।

एनसीडी की आठ श्रृंखलाएं हैं, जिनमें निश्चित कूपन हैं और जो 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 120 महीने की अवधियों में वार्षिक, मासिक और परिपक्वता के ब्याज विकल्प मौजूद हैं। एनसीडी के लिए प्रभावी वार्षिक प्रतिफल 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से 9.70 प्रतिशत प्रति वर्ष है।

**यह इश्यू 23 अप्रैल, 2024 को खुलेगा और 7 मई, 2024 को बंद होगा:** इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का कम से कम 75 प्रतिशत का उपयोग कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने और मौजूदा देनदारियों के पुनर्भुगतान के लिए किया जाएगा और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसा उपयोग राशि का 25 प्रतिशत से अधिक न हो और जो समय-समय पर संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीकरण) विनियम, 2021 (सेबी एनसीएस विनियम) के अनुपालन के अनुसार होगा।

इश्यू के तहत जारी किए जाने वाले प्रस्तावित एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स द्वारा इंडिया एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है। इस रेटिंग वाले उपकरणों को वित्तीय दायित्वों की समय पर सेवा के संबंध में उच्च स्तर की सुरक्षा वाला माना जाता है। ऐसे उपकरणों में क्रेडिट जोखिम बहुत कम होता है। ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड्स इस इश्यू के लीड मैनेजर हैं। एनसीडी को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किया जाएगा। कंपनी को बीएसई और एनएसई से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस इश्यू के प्रयोजनों के लिए, बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियम, 1992, संशोधित (मर्चेंट बैंकर्स विनियम) के अनुसार जारीकर्ता का सहयोगी माना जाता है। इसके अलावा, विनियम 21ए के प्रावधानों और मर्चेंट बैंकर्स विनियमों के विनियम 21ए के स्पष्टीकरण के अनुपालन में, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड केवल इश्यू के विपणन में शामिल होगा और सेबी एनसीएस विनियमों के विनियम 25 (3) के अनुसार उचित उद्यम प्रमाणपत्र जारी नहीं करेगा।

# महिंद्रा ने लॉन्च किया बोलेरो नियो+, कीमत 11.39 लाख से शुरू

- 9-सीटर यात्री वाहन खंड में शीर्ष स्थान लेने के लिए तैयार
- एंट्री-लेवल पी4 और प्रीमियम वेरिएंट पी10 में उपलब्ध है
- ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल

**मुंबई , एजेंसी।** भारत की अग्रणी एसयूवी विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो नियो+ 9-सीटर का अनावरण किया, जिसे दो वेरिएंट- पी4 और प्रीमियम पी10 में पेश किया गया है। इस एसयूवी को स्टाइलिश, विशाल और मज़बूत एसयूवी चाहने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें ड्राइवर सहित 9 यात्री आराम से बैठ सकते हैं।

बोलेरो नियो+ 9-सीटर बोलेरो के भरोसेमंद, शक्तिशाली और 'कहीं भी जाएं' वाली विशेषता पर आधारित है, जो नियो के स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर और प्रौद्योगिकी से लैस है। एसयूवी ग्राहकों को बड़े परिवारों, संस्थागत ग्राहकों, टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटर और कंपनियों को पट्टे पर वाहन देने वाले कांट्रैक्टर के लिए अनूठी पेशकश करती है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी ङ्क वाहन खंड, नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा, बोलेरो ब्रांड वर्षों से हमारे ग्राहकों के लिए मज़बूती और विश्वसनीयता की मिसाल बन गया है, जो लगातार उम्मीद से अधिक प्रदर्शन कर रहा है। बोलेरो नियो+ के लॉन्च के साथ, हम टिकाउपन, उन्नत सुविधाओं और बेहतर आराम का वादा कर रहे हैं जो हर परिवार और बेड़े के मालिक के लिए ड्राइविंग अनुभव को समान रूप से समृद्ध करता है।

**कहीं भी जाने की क्षमता के साथ शक्तिशाली:** बोलेरो नियो+ मजबूत 2.2 लीटर एमहॉक डीजल इंजन से लैस है, जिसमें उत्कृष्ट ईंधन दक्षता और प्रदर्शन के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हुआ। इसका बॉडी-ऑन-फ्रेम निर्माण और उच्च शक्ति वाला स्टील बॉडी शेल टिकाउपन और सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसयूवी ईबीडी के साथ एबीएस, डुअल एयरबैग, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट, इंजन इमोबिलाइज़र और ऑटोमैटिक डोर लॉक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आता है, जो सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करता है।




**स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन:** बोलेरो नियो+ में एक्स-आकार के बंपर, क्रोम इन्सर्ट से लैस फ्रंट ग्रिल और एक एक्स-आकार के स्पेयर व्हील कवर जैसे सिग्नेचर बोलेरो तत्व हैं और साथ ही साइड बॉडी क्लैडिंग भी है। इसका प्रामाणिक एसयूवी डिज़ाइन और प्रभावशाली रुख को स्टाइलिश हेडलैंप, फॉग लैंप और एक कमांडिंग हुड से और बढ़ता है। 40.64 सेंटीमीटर अलॉय व्हील और मस्क्युलर साइड तथा रियर फुटस्टेप के साथ, बोलेरो नियो+ आत्मविश्वास और मज़बूती सौम्यता का परिचय देता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह किसी भी सड़क पर अलग दिखे।

**परिष्कृत आंतरिक साज-सज्जा और बेहतर आराम:** बोलेरो नियो+ प्रीमियम इटालियन इंटीरियर और 22.8 सेमी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ बेजोड़ आराम प्रदान करता है जिसमें ब्लूटूथ, यूएसबी और ऑक्स कनेक्टिविटी शामिल है। साथ ही एंटी-ग्लेयर आईआरवीएम, इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल ओआरवीएम और एक हाइट-एडजस्टेबल ड्राइवर की सीट द्वारा प्रदान की जाती हैं। वाहन फ्रंट और रीयर पावर विंडो, आमरेस्ट और उदार बूट स्पेस से भी लैस है, जो आराम और व्यावहारिकता दोनों सुनिश्चित करता है। इसमें बैठने की बहुमुखी व्यवस्था, जिसमें 2-3-4 पैटर्न में व्यवस्थित 9 सीटें शामिल हैं, विभिन्न प्रकार की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, यात्री और सामान दोनों जगह के लिए अधिकतम जगह प्रदान करता है।

## बजाज आलियांज लाइफ ने ग्राहकों को व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की

**पुणे , एजेंसी।** अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय ऐप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफ़ेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। यह पहल भुगतान प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है, साथ ही विभिन्न पेमेंट ऐप्स के बीच स्विच करने की आवश्यकता को समाप्त करती है और सीधे व्हाट्सएप के भीतर निर्बाध और कुशल तरीके से प्रीमियम भुगतान सुनिश्चित किया जा सकता है।

# पंजाबी मुंडे मारेंगे बाजी या मुंबई दिखाएगी जलवा?



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक है। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है। पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइनस 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए है। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं।

इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। गेराल्ड कोएट्जी (नौ विकेट) और आकाश मधवाल (चार विकेट) ने भी प्रति ओवर 10 रन से अधिक की दर से रन दिए हैं। बल्ले से भी पंड्या टीम को मजबूती देने में नाकाम रहे हैं। साथ ही पंड्या ने इस सत्र में अब तक खेले सभी मैच में विभिन्न स्टेडियमों में प्रतिकूल माहौल का सामना किया है जिसका किसी खिलाड़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### संभावित टीमें

**पंजाब किंग्स :** जॉनी बेयरस्टो, शिखर धवन/अथर्व तायदे, प्रभसिमरन सिंह, सैम कुरेन (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, कगिसो रबाडा मुंबई इंडियंस- ईशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद नबी, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमराह।

### ▶▶ प्रभसिमरन का खराब फॉर्म चिंता का विषय

▪ प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है। वह छह मैच में 19.83 की औसत से 119 रन ही बना पाए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए भी यही कहा जा सकता है। विश्व कप टीम के लिए चयन निकट आने के साथ जितेश अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे जो अब तक छह मैच में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं। पंजाब को सैम कुरेन (126 रन और आठ विकेट) और कागिसो रबादा (नौ विकेट) की अपनी विदेशी गेंदबाजी जोड़ी के लिए अधिक समर्थन ढूंढना होगा। अर्शदीप सिंह (नौ विकेट) और हर्षल पटेल (सात विकेट) की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी बल्लेबाजों के लिए आसान शिकार रही है।

### ▶▶ जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी मुंबई इंडियंस

▪ मुंबई इंडियंस को पता है कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त क्षमता है लेकिन उन्हें लगातार एकजुट होकर प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो जीत से उनका लगातार तीन हार का क्रम टूटा लेकिन रोहित शर्मा के शतक के बावजूद चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम को हार मिली। हार्दिक पंड्या की फॉर्म और टीम में भूमिका पर सवाल उठ रहे है। इस ऑलराउंडर ने गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी साझा करने की कोशिश की है लेकिन उनकी 12 की इकोनॉमी रेट चिंताजनक है।

# बटलर ने आईपीएल में रचा इतिहास



**नई दिल्ली। आईपीएल** 2024 के 31वें मैच में जोस बटलर ने एक ऐसी पारी खेली जिसे हमेशा याद किया जाएगा। बटलर ने अकेले दम पर शतकीय पारी खेलकर केकेआर के खिलाफ राजस्थान को ऐतिहासिक जीत दिला दी।एक समय राजस्थान हार के कगार पर थी लेकिन बटलर ने अचानक से चमत्कार किया और टीम को 2 विकेट से जीत दिला दी। इस मैच में बटलर ने 60 गेंद पर 107 रनों की पारी खेली।

अपनी पारी में बटलर ने 9 चौके और 6 छक्के लगाए।बटलर की पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है । बटलर का आईपीएल में यह सातवां शतक है।आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने की लिस्ट में बटलर कोहली के बाद दूसरे नंबर पर है।इसके अलावा बटलर ने कोहली को एक खास मामले में पछाड़ दिया है।आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर का यह तीसरा शतक है, वहीं विराट ने इस मामले में दो शतक लगाए हैं।यहां बटलर ने कोहली की

### ▶▶ ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने
### ▶▶ कोहली की बादशाहत की खत्म

बादशाहत खत्म कर दी है। टी-20 में कुल मिलाकर बटलर का यह आठवां शतक है, इंग्लैंड की ओर से टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बटलर बन गए हैं। राजस्थान के 6 विकेट 121 रन पर गिर गए थे।इसके बाद टीम ने 103 रन जोड़कर जीत हासिल की। राजस्थान की टीम पहली ऐसी टीम बन गई है जिसके नाम 6 विकेट गिरने के बाद 100 से ज्यादा जोड़ने का कमाल दर्ज हो और मैच को भी जीतने में सफलता हासिल की हो।बता दें कि आखिरी के 5 ओवर में रॉयल्स को जीत के लिए 96 रनों की दरकार थी।ये आईपीएल में आखिरी छह ओवरों में किसी भी टीम द्वारा सफलतापूर्वक लक्ष्य पीछा किए करने का सर्वाधिक रन हैं। रॉयल्स को 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम 6 ओवरों में 92 रनों की जरूरत थी।

# श्रेयस पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने कहा, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया। यह रॉयल्स की सात मैचों में छठी जीत थी जबकि केकेआर को छह मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। बटलर ने आईपीएल करियर का 7वां शतक लगाकर राजस्थान रॉयल्स को कोलकाता के ईडन गार्डन पर अपनी टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स पर जीत दिला दी।

# टी20 विश्वकप तक मुश्ताक अहमद होंगे बंगलादेश के स्पिन कोच



**ढाका।** पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को टी20 विश्वकप तक बंगलादेश का स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया गया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मुश्ताक अगले महीने जिबाब्वे के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से पहले ढाका में लगने वाले शिविर में पहुंचेंगे। मुश्ताक ने कहा, 'बंगलादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका की प्रतीक्षा कर रहा हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव देना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने लायक हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत खतरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है। मैं उनमें विश्वास बढ़ाने का प्रयास करूंगा। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।' मुश्ताक, रंगना हेराथ की जगह लेंगे। हेराथ जून 2021 से दो साल तक इस पद पर रहे। मुश्ताक प्रमुख कोच चंद्रिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, बल्लेबाजी कोच डेविड हेंप और तेज गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स के साथ जुड़ेंगे। मुश्ताक का स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर लंबा करियर रहा है। वह 2008 से 2014 के बीच इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ रहे। वह 2014 से 2016 और 2020 से 2022 तक पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी कोच के पद पर रहे। वह 1992 विश्वकप जीतने वाली पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे।

# अब से हर अभ्यास सत्र अहम, ओलंपिक के 100 दिनों की उलटी गिनती पर बोले हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जायेगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने तोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, 'हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता लगातार बढ़ रही है। टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने ओलंपिक की उलटी गिनती के मद्देनजर हमारे लिए साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किये हैं।'

# गुकेश की बढ़त कायम, प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली।** दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया।



गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं।

वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया।

# पैरा तीरंदाज शीतल ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में रजत पदक जीता



एशियाई पैरा खेलों की गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है।

> गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, "इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।"

एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857

मो0– 9811082962



# ऑनलाइन टीचिंग में चुन सकते हैं पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि ऑनलाइन ट्यूशन वास्तव में होम ट्यूशन का ही एक एडवांस मैथड है। इसमें ई-ट्यूटरिंग के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऑनलाइन ट्यूटरिंग का मूल लाभ यह है कि ट्यूटर छात्र को किसी भी स्थान से, यहां तक कि वह अपने घर पर रहकर भी टीचिंग कर सकता है। ऑनलाइन टीचिंग के दौरान समय को पहले से ही सुनिश्चित किया जाता है और फिर ऑनलाइन क्लासरूम में छात्र व टीचर मिलते हैं और पढ़ते व पढ़ाते हैं। इस नौकरी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप अपने समय के अनुसार, पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर चुन सकते हैं। इसके अलावा यह आय का एक अच्छा स्रोत प्रदान करता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो एक ऑनलाइन ट्यूटर के पास विशेषज्ञता के आधार पर योग्यता होनी आवश्यक है। मसलन, आप किसी विशेष भाषा के ऑनलाइन ट्यूटर बनना चाहते हैं तो आपको उस भाषा से संबंधित कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स अवश्य करना चाहिए। इसके अलावा, बीएड, एमएड या नेट, आदि के बाद भी आप शिक्षण के क्षेत्र को चुन सकते हैं।

एक ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए सबसे जरूरी स्किल है पढ़ाई के प्रति जुनून। अर्थात ना सिर्फ आपको दूसरों को पढ़ाना पसंद होना चाहिए, बल्कि खुद भी हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने की चाहत होनी चाहिए। चूंकि आप ऑनलाइन टीचिंग कर रहे हैं, इसलिए आपमें तकनीकी गुण भी होने चाहिए। मसलन, कंप्यूटर व इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेजेंटेशन आदि भी बनाने आने चाहिए। इसके अलावा, ऑनलाइन टीचिंग के दौरान आपके कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अहम् हैं। याद रखें कि दूसरों को पढ़ाना एक बेहद सीरियस काम है और इसके लिए कमिटमेंट की जरूरत होती है।

ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए आपको बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप अब तक ट्यूशन पढ़ाते आए हैं तो अब आप उन्हीं बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़ाने की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसी कई कंपनियां व वेबसाइट हैं, जो टीचर्स को हायर करके ऑनलाइन पढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में आपको ऑनलाइन छात्र ढूंढने की भी जरूरत नहीं है। बस इन कंपनियों के साथ जुड़कर आप एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

## आमदनी

ऑनलाइन ट्यूशन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर अनुभवी टीचर्स काफी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। शुरूआत में एक टीचर करीबन 200 रूपए प्रति घंटा चार्ज कर सकते हैं। वहीं कुछ समय के अुनभव, बाद आप 500 रूपए प्रति घंटा प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप इस क्षेत्र में अपनी क्वालिटी को साबित करते हैं और छात्रों को आपके पढ़ाने का तरीका पसंद आता है, तब आपकी कमाई की कोई सीमा नहीं है।



# सेरिकल्चरिस्ट के लिए उपलब्ध हैं करियर की असीम संभावनाएं

**अगर आपको फार्म प्रोडक्शन और उससे जुड़ी प्रक्रिया में रुचि है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन सेरिकल्चरिस्ट।**

एग्रीकल्चर एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बेहतरीन करियर का स्कोप तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का शानदार मौका भी है। यही नहीं, विस्तृत होने के कारण इससे जुड़ी कई सब-फील्ड्स हैं, जिनमें करियर की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। ऐसी ही एक सब-फील्ड है, सेरिकल्चर। दुनिया भर में भारत के सिल्क की बढ़ती मांग के कारण सेरिकल्चरिस्ट के लिए बहुत-से करियर ऑप्शंस उपलब्ध हैं।

## क्या है सेरिकल्चर?

सेरिकल्चर फार्मिंग पर आधारित और व्यवसायिक रूप से बेहद आकर्षक गतिविधि है। मूलतः कीटों से रेशम बनाने की प्रक्रिया को सेरिकल्चर कहते हैं, लेकिन अब यह उद्योग सिर्फ कीटों तक सीमित नहीं है बल्कि मल्बरी कल्टिवेशन और पोस्ट कोकून टेक्नोलॉजी जैसी नई प्रक्रियाओं से जुड़ चुकी है। आज के समय में यह एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्री, ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

## कौन-से कोर्स?

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आप सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में बीएससी या डिप्लोमा इन सेरिकल्चर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए इंटर में आपके पास बायोलॉजी और केमिस्ट्री जैसे विषय होने जरूरी हैं। आम डिग्री कोर्स से अलग सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में चार साल का डिग्री कोर्स होता है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन दो साल का होता है। आप चाहें, तो इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और फिर पीएचडी भी कर सकते हैं। ग्रेजुएशन में स्टूडेंट्स को सिल्कवर्म रियरिंग, ब्रीडिंग एंड जेनेटिक्स, सिल्क रीलिंग एंड स्पिनिंग, सिल्क ग्रेडिंग एंड टेस्टिंग, मॉरीकल्चर, फूड प्लांट्स, सिल्क वीविंग टेक्नोलॉजी, सिल्क डाइंग, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- सेंट्रल सेरिकल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मैसूर
- शेरे-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू
- तमिल नाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, कोयंबत्तूर
- यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसे, बेंगलुरू
- बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर

## जरूरी स्किल्स

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए शारीरिक दमखम की बहुत जरूरत होती है। इसके अलावा आपमें धैर्य, समर्पण तथा अलग-अलग व खराब मौसम में भी काम करने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही, साइंस प्रैक्टिकल व साइंटिफिक गतिविधियों में रुचि होना चाहिए। भविष्य की संभावनाएं बतौर सेरिकल्चरिस्ट, आपके पास नौकरी व एंटरप्रेन्योरशिप के कई विकल्प मौजूद हैं। खास बात यह है कि देश के हर राज्य में सेरिकल्चर विभाग मौजूद है, जो इसके उत्पादन व मार्केटिंग की देख-रेख का काम करते हैं। आप सरकारी क्षेत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सेंट्रल सिल्क बोर्ड, सिल्क एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, एफएओ, नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र आदि में काम कर सकते हैं। इसके अलावा रिसर्च सेंटर्स, सेरिकल्चर यूनिट्स, एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़े बैंक्स में भी अपना करियर प्लान कर सकते हैं। अगर आप इंडस्ट्री से जुड़कर काम करना चाहते हैं, तो सेरिकल्चर फार्म में बतौर मैनेजर, या फिर सिल्क रीलिंग, सिल्क वीविंग मिल, डाइंग, प्रिंटिंग अथवा स्पिनिंग मिल में काम कर सकते हैं। केंद्र सरकार कई स्कीम्स स्पॉन्सर करती है, जहां आपको करियर के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। आप खुद का वीविंग तथा एक्सपोर्ट का बिजनेस कर सकते हैं।

## कितनी आय

जो प्रोफेशनल्स अच्छी ट्रेनिंग के साथ पब्लिक सेक्टर में अपना करियर शुरू करते हैं, उनकी शुरूआती सैलरी 15 से 20 हजार रुपए प्रति माह होती है, जबकि प्राइवेट सेक्टर में आप 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी से शुरूआत कर सकते हैं। सैलरी अनुभव के साथ बढ़ती है। हालांकि इस पर भी काफी कुछ निर्भर करता है कि आप कहां काम कर रहे हैं। बतौर एंटरप्रेन्योर आप बेहतरीन कमाई कर सकते हैं।

एयरइंडिया में जॉब पाने का मौका, ट्रेनी केबिन क्रू के पद पर वैकेंसीज





# विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारते हैं बी-स्कूल

इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है।

इस बात पर बहस लंबे समय से चल रही है कि देश के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूल्स से ली गई मैनेजमेंट की डिग्री सफल एंटरप्रेन्योर बनने में कितनी और कैसे काम आती है। इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष दोनों ही में तर्क दिए जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। ऐसा कहा जाता है कि क्लास में पढ़ाई जानी वाली थ्योरी कभी भी काम करते हुए हासिल किए गए व्यवहारिक ज्ञान की जगह नहीं ले सकती। मगर यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है। तो चलिए, इस बात पर बिंदुवार नजर डालते हैं कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल में पढ़ने पर आपको क्या मिलता है। बिजनेस स्टडीज एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम्स आपको मौजूदा बिजनेस शैलियों, मार्केट रिसर्च डेटा, रियल टाइम तथा तथ्यात्मक केस स्टडीज का एक्सपोजर देते हैं, जो बेहद मूल्यवान साबित होता है। इन मॉडल्स और ट्रैंड्स के बारे में अच्छी तरह जानकर आप इन्हें अपने बिजनेस पर लागू कर सकते हैं। एक प्रकार से यह दूसरों की गलतियों से सीखने के समान होगा। किसी टॉप बिजनेस संस्थानके विद्यार्थी होने के नाते आपका एक्सपोजर देश तक सीमित भी नहीं रहेगा।

## टेक्नोलॉजी

हम बेहद तेज रफ्तार दुनिया में जी रहे हैं और जहां तक बात नई व इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की है, तो हम चल ही नहीं रहे, बल्कि दौड़ रहे हैं। किसी टॉप बिजनेस स्कूल के विद्यार्थी होने के नाते आपको विभिन्ना नए टूल्स व टेक्नोलॉजीस को समझने और उनके साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। ऐसे सॉफ्टवेयर, जो मैथमेटिकल मॉडलिंग को सरल बना दें और स्मार्ट प्रेजेंटेशन को वास्तविकता में बदल दें, आपको अपना बिजनेस शुरू करने में काफी मदद कर सकते हैं। ऐसी छोटी-छोटी बातों से आपके कामकाज को एक प्रोफेशनल टच मिल जाता है।

## स्किल्स

किसी टॉप बिजनेस स्कूल में जाने से यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि आपकी सॉफ्ट स्किल्स में निखार आएगा, जैसे पब्लिक स्पीकिंग, इंटर-पर्सनल कम्युनिकेशन, क्रिएटिविटी, लीडरशिप आदि। ये स्किल्स उन लोगों के लिए बहुत मायने रखती हैं, जो अपना बिजनेस चलाते हैं और रोजाना कई लोगों से डील करते हैं, फिर चाहे वे कर्मचारी हों, क्लाइंट हों या वेंडर आदि हों।

## सही लोगों से मुलाकात

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए आपको कई प्रसिद्ध हस्तियों से मिलने का मौका मिलता है। ये हस्तियां विजिटिंग फैकल्टी या गेस्ट प्रेजेंटर के तौर पर वहां आ सकती हैं। फिर, यह भी संभव है कि आपको अपने सहपाठियों में से ही कोई भावी बिजनेस पार्टनर मिल जाए! सर्वश्रेष्ठ एमबीए कॉलेज देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करते हैं। इसलिए यहां आपकी जान-पहचान ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से होने की संभावना काफी अधिक रहती है। यह जान पहचान किसी-न-किसी रूप में काम ही आती है।

## साख मायने रखती है

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल से डिग्री लेकर जब आप सबको उस बिजनेस स्कूल का नाम बताएंगे, तो एंटरप्रेन्योर के तौर पर आपकी प्रामाणिकता भी बढ़ जाएगी। इससे आपके साथ डील करने वाली पार्टियों का आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा। कुल मिलाकर, देश के किसी दिग्गज बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट की डिग्री लेना फायदे का ही सौदा होता है क्योंकि यहां आपको केवल किताबी ज्ञान ही नहीं मिलता, बल्कि इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त होता है।



# वॉटर मैनेजमेंट में अपना करियर बना सकते हैं युवा

जल संरक्षण व प्रबंधन पर अब सरकारें और औद्योगिक प्रतिष्ठान भी ज्यादा जोर दे रहे हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए वॉटर मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की जरूरत बढ़ रही है। ये ऐसे प्रशिक्षित लोग होते हैं, जिन्हें वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसाइक्लिंग की अच्छी समझ होती है। उधर, भूजल के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों की भी मांग बढ़ रही है। केंद्रीय जल संसाधन विभाग की ओर से जारी राष्ट्रीय जल नीति में भी पानी के कुप्रबंधन पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक प्लानिंग पर जोर देने की बात कही गई है। जाहिर-सी बात है कि दिनो-दिन बढ़ते जल संकट को दूर करने के लिए वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, ट्रेंड वॉटर कंजर्वेशनिस्ट या कहें विभिन्न प्रकार के वॉटर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की मांग बनी रहेगी। ग्रीन जॉब्स मार्केट में आकर्षक जॉब्स के अवसर बहुत हैं। वॉटर मैनेजमेंट में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जल प्रबंधन से जुड़े सरकारी विभागों में तथा वॉटर प्रोजेक्ट्स में खूब मांग है। निजी क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति तथा वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षित लोगों को ही हायरिंग में तवज्जो दी जा रही है। बड़े-बड़े उद्योग, रियल एस्टेट सेक्टर और एनजीओ भी वॉटर हार्वेस्टिंग डिजाइनिंग तथा जल संचयन के लिए वॉटर मैनेजमेंट की पृष्ठभूमि वाले प्रोफेशनल्स की सेवाएं ले रहे हैं। आप चाहें, तो कंसल्टेंट बनकर भी करियर बना सकते हैं क्योंकि ऐसे लोगों की वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम्स के संचालन और देखरेख के लिए मांग लगातार बढ़ रही है।

## क्वॉलिफिकेशन

जल प्रबंधन और संरक्षण पर आधारित कई तरह के कोर्स देश के विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में संचालित हो रहे हैं। युवा वॉटर साइंस, वॉटर कंजर्वेशन, वॉटर मैनेजमेंट, वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट जैसी किसी भी स्ट्रीम में कोर्स करके अपना करियर बना सकते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में वॉटर हार्वेस्टिंग एंड मैनेजमेंट नाम से ऐसा ही एक सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। 10वीं पास युवा यह कोर्स कर सकते हैं। अगर आप बायोलॉजी विषय में 12वीं पास हैं, तो एक्वा साइंस या वॉटर साइंस में बीएससी और एमएससी भी कर सकते हैं। एग्रीकल्चर/ सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, जियोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल स्टडीज या बायोलॉजी में बैचलर्स की पढ़ाई करके वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, बायोलॉजिस्ट, हाइड्रो जियोलॉजिस्ट या जियोलॉजिस्ट बन सकते हैं।

## सैलरी कितनी?

वॉटर मैनेजमेंट में डिप्लोमाधारी युवा शुरूआत में आसानी से 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी पा सकते हैं। वहीं, वॉटर साइंटिस्ट या इंजीनियर को भी 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी मिल जाती है।

## क्या है वॉटर मैनेजमेंट?

देश-दुनिया में वॉटर कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट की कोशिश कई स्तरों पर चल रही है ताकि दिनो-दिन गहराते जल संकट से पार पाया जा सके। इसके लिए नदियों और भूजल में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने से लेकर भूजल स्तर सुधारने, परंपरागत जल स्रोतों को सुरक्षित रखने तथा आधुनिक तकनीकों के सहारे वॉटर हार्वेस्टिंग की विधियां विकसित करने व वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट जैसे अनेक उपायों पर जोर दिया जा रहा है। कम पानी से कृषि की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास भी इसी मुहिम का हिस्सा है।



# आईएफएस ऑफिसर बनकर जलवा दिखाएंगी जान्हवी



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर काफी बिजी चल रही हैं। ऐसे में एक्ट्रेस अपनी लाइफ से जुड़ी हर अपडेट्स अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की अपकमिंग फिल्म 'मिस्टर एंड माही' का पोस्टर रिलीज किया गया था। वहीं अब एक्ट्रेस की दूसरी फिल्म 'उलझ' का टीजर जारी किया गया है। साथ ही जान्हवी की फिल्म को लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हो रहे हैं। दरअसल, 17 अप्रेल बुधवार को एक्ट्रेस की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज कर दिया है। वहीं इस फिल्म में जान्हवी कपूर इंडियन फॉरेन सर्विस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाली है और यह फिल्म देशभक्ति पर बेस्ड होगी। हलांकि, फिल्म में एक्ट्रेस का नाम सुहाना है और इस फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुईं दिखाई देने वाली हैं। इसके साथ ही इस फिल्म का टीजर जान्हवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वहीं 'उलझ' का टीजर सस्पेंस और थ्रिल से भरा हुआ है और फिल्म में जान्हवी को कभी फोन छिपाकर रिकॉर्ड करते हुए तो कभी चुपके से डॉक्यूमेंट्स को ढूंढते हुए दिखाया जाता है। तभी गोली चलने की आवाज आती है। जिसके बाद जान्वही कहती नजर आई है कि 'गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है।' इसके साथ ही 'उलझ' के स्टार कास्ट की बात करें, तो फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है और अमृता पांडे-विनीत जैन ने उलझ का प्रोड्यूस किया है। इसके अलावा, जान्हवी कपूर लीड रोल प्ले कर रही हैं और उनके साथ फिल्म में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी दिखाई देने वाले हैं और यह फिल्म पांच जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# अब राम भरोसे 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान'



'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान', बॉक्स ऑफिस पर दोनों ही फिल्में फ्लॉप का ठप्पा लेने की ओर बढ़ रही हैं। सोमवार के बाद मंगलवार को भी सनिमाघरों में नहीं के बराबर दर्शक नजर आए। हालांकि, बुधवार को रामनवमी की छुट्टी है, लेकिन इन दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा उम्मीद रखना अब बेकार है। बॉक्स ऑफिस पर 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' दोनों ही फिल्में अब राम भरोसे हैं! ईद के मौके पर रिलीज होकर भी ये फिल्में छुट्टी का फायदा नहीं उठा सकीं। ना ही वीकेंड में इनकी कमाई में ऐसा उछाल आया, जिससे उम्मीद जगे। फर्स्ट मंडे टेस्ट में जहां ये फेल हो गईं, वहीं मंगलवार को छठे दिन भी कमाई का हाल जस के तस है। यह हाल तब है, जब सिनेमाघरों में इस वक्त इन दोनों के अलावा कोई बड़ी फिल्म नहीं है। हालांकि, बुधवार को रामनवमी की छुट्टी है। पर अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' हो या अजय देवगन की 'मैदान' इन फिल्मों से अब बहुत ज्यादा उम्मीद बेमानी है।

# समर्थ जुरेल ने ईशा मालवीय संग ब्रेकअप को किया कंफर्म



टीवी स्टार्स और बिग-बॉस 17 से फेमस हुए ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल ने अपने रिलेशनशिप की वजह से खूब सुर्खियां बटोरीं। ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि दोनों ने सोशल मीडिया पर एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया। जिससे फैंस अंदाजा लगाने की दोनों अब हमेशा के लिए अलग हो चुके हैं। एक इंटरव्यू में खुद समर्थ ने ब्रेकअप की खबरों की पुष्टि कर दी। समर्थ ने जानकारी देते हुए कहा कि, 'हम दोनों का एक महीने पहले ही ब्रेकअप हो चुका है हमने अनफॉलो तो अभी किया है।' हालांकि इस दौरान उन्होंने बताया नहीं कि ईशा से वह अलग क्यों हुए हैं। समर्थ का कहना था कि वह इस बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। इंटरव्यू में समर्थ के मैनेजर ने कहा कि, हां समर्थ और ईशा का ब्रेकअप हो गया है और वह अब दोनों साथ नहीं है। वहीं इस पर ईशा मालवीय की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब एक्ट्रेस से इस बारे में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया। बिग-बॉस 17 में ईशा मालवीय के एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक भी थे। जिन्होंने शो के दौरान कहा था कि इन दोनों का रिश्ता केवल शो तक ही है और बाहर जाते ही ये खत्म हो जाएगा। हालांकि फैंस का कहना है कि अभिषेक की ये भविष्यवाणी सच साबित हुई। शो खत्म होने के दो महीने बाद ही कपल का ब्रेकअप हो गया। ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल की मुलाकात टीवी सीरियल 'उडारियां' के सेट पर हुई थी। इसके बाद दोनों की लव स्टोरी शुरू और लगभग दो साल तक कपल ने एक दूसरे को डेट किया। समर्थ से पहले ईशा मालवीय अभिषेक कुमार को डेट कर रही थीं। इस रिश्ते का अंत अच्छा नहीं था। बिग-बॉस 17 में दोनों के बीच खूब झगड़े हुए थे। फिलहाल फैंस ये जानना चाहते हैं

# दीपिका प्रेग्नेंसी में कर रही फिल्म की शूटिंग



दीपिका पादुकोण अपनी प्रेग्नेंसी में आराम करने की बजाय लगातार काम कर रही हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें एक्ट्रेस को पुलिस की वर्दी में शूटिंग करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने पिछले ही महीने अपनी प्रेग्नेंसी का एलान किया था जिसके बाद से वो लगातार अपने पेंडिग प्रोजेक्ट्स को खत्म करने में लगी हुईं हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन का आखिरी पढ़ाव शूटिंग के लिए बाकी है। ऐसे में दीपिका अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर मेकर्स की मुश्किलें कम रही ही हैं। सिंघम अगेन के सेट से वायरल हुई तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी पहने, आंखों में काला चश्मा लगाये नज़र आ रही हैं। शूटिंग के लिए उन्होंने अपने बेबी बंप को छुपाने की कोशिश की है। लेकिन एक्ट्रेस को बेबी बंप के साथ देखा जा सकता है। इस फिल्म में एक्ट्रेस शक्ति शेट्टी नाम क किरदार में नज़र आयेंगी। ये तस्वीरें फैन क्लब पर शेयर की गई हैं जहां दीपिका अपने डायरेक्टर रोहित शेट्टी से मिल रहे सुझावों को ध्यान से सुनती नज़र आ रही हैं। बैकग्राउंड में क्रू मेंबर्स और जूनियर आर्टिस्ट को सीन के लिए तैयार देखा जा सकता है। दीपिका ने इस हालत में भी गुंडों के साथ वाला फाइट सीन शूट किया है। साथ ही बड़े एक्शन सीन्स के लिए एक्ट्रेस की बॉडी डबल से काम लिया जा रहा है। इन तस्वीरों में दीपिका को बॉडी डबल को भी कुर्सी पर बैठा देखा जा सकता है। डायरेक्टर रोहित शेट्टी और उनकी टीम दीपिका की प्रेग्नेंसी का ख्याल रखते हुए एक्ट्रेस की बॉडी डबल से ही भारी एक्शन सीन करवा रहे हैं। एक्ट्रेस को फेशियल एक्सप्रेशन और कुछ छोटे सीन्स के लिए सेट पर मौजूद हैं। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग लगभग पूरी होने वाली है। इसके साथ ही आज से एक मेगा डांस नंबर की शूटिंग भी शुरू होने की खबर है।

# शरवरी की आलिया के साथ काम की हुई इच्छा पूरी



शरवरी का एक पुराना साक्षात्कार सोशल मीडिया पर फिर से सामने आया है और चर्चा में है, जिसमें बताया गया है कि कैसे शरवरी ने आलिया भट्ट के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। 2022 में, शरवरी ने अपने किरदार बंटी और बबली 2 के लिए मिली सराहना पर मीडिया साक्षात्कार दिए। उनमें से एक में, शरवरी से पूछा गया कि वह अभिनेताओं में से किसके साथ काम करना चाहेंगी, जिस पर उन्होंने खुलकर आलिया भट्ट के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, "केवल पुरुष अभिनेताओं के अलावा, मैं वास्तव में आलिया भट्ट के साथ एक फिल्म करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि वह हमारे देश में देखी गई सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक है और मुझे उम्मीद है कि केवल एक ही नहीं बल्कि अधिक नायिकाओं के साथ फिल्में बनाई जाएंगी।" क्योंकि मुझे उम्मीद है कि महिला होने के नाते हमें एक-दूसरे से सीखने को मिलेगा, मैं सिर्फ ऐसी फिल्में नहीं करना , जिनमें पुरुष हों।'' खबर यह भी है कि वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म में आलिया भट्ट और शारवरी सुपर एजेंट की भूमिका निभाएंगी। हालांकि वाईआरएफ ने अभी तक इस परियोजना की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर दोनों को एक साथ लिया जाता है, तो वे निश्चित रूप से एक बेहतरीन टैग टीम बनेंगे।



## अरहान खान ने अपने शो में

# मां मलायका अरोड़ा से पूछा 'आप शादी कब कर रही हैं?'



मलाइका अरोड़ा बेटे अरहान के टॉक शो डंब बिरयानी में नए मेहमानों में से एक हैं। चैनल के ऑफिशियल पेज पर अरहान ने वीडियो का टीजर पोस्ट किया। वीडियो में मलाइका अरोड़ा अपने बेटे से पूछती हैं, 'तुमने अपनी वर्जिनिटी कब खोई?' 'वाह,' वह जवाब देता है। इसके बाद अरहान अपनी मां से पूछते हैं, 'क्या आप एक सामाजिक पर्वतारोही हैं?' क्लिप में मलाइका जवाब देती हैं, 'मैं नहीं हूं।' मलायका जोर देकर कहती हैं, 'बस मुझे ईमानदारी से जवाब दो। बस मुझे एक ईमानदार जवाब दो।' टीज़र के अंत में अरहान, मलायका से पूछते हैं, 'मुझे अपना हाथ दिखाओ मां। आप शादी कब कर रही हैं यह मेरा अगला सवाल है?' वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया गया था, 'सच्चाई और मसाले के खेल में माताओं को पकड़ें-जहां मलायका अरोड़ा और सरजिता रैयानी और लड़कों के बारे में कुछ जंगली कहानियों को उजागर करती हैं।' यहां आप वीडियो देखें सकते हैं।

> बेटे अरहान ने मां मां मलायका अरोड़ा से पूछा कि आप कब शादी कर कर रही हैं। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में मलायका अरोड़ा और सरजिता रैयानी दिखाई दे रही हैं। वहीं मलायका ने अपने बेटे अरहान से पूछा- तुमने अपनी वर्जिनिटी कब खोई?

अरहान, मलायका के पूर्व पति और अभिनेता-निर्माता अरबाज खान के बेटे हैं। मलायका और अरबाज की शादी को 19 साल हो गए थे और 2017 में उनका तलाक हो गया। वे बेटे अरहान के सह-अभिभावक हैं। अरबाज खान ने पिछले साल दिसंबर में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की थी। इन गानों पर मलायका जबरदस्त ठुमका लगा चुकी है मलायका अरोड़ा को छैया-छैया, मुन्नी बदनाम हुई, अनारकली डिस्को चली और हैलो हैलो जैसे कई लोकप्रिय ट्रैक पर उनके डांस आइटम के लिए जाना जाता है। उन्हें रियलिटी टीवी सीरीज मूविंग इन विद मलायका में भी देखा गया था।

पूर्व मॉडल मलायका और एक ङ्क्षछ्व भी थीं। मलायका पिछले कुछ वर्षों में कुछ डांस शो को जज भी किया है, जिनमें इंडियाज बेस्ट डांसर, नच बलिए, झलक दिखला जा और जरा नचके दिखा शामिल हैं। उन्होंने इंडियाज गॉट टैलेंट और सुपरमॉडल ऑफ द ईयर जैसे शो को भी जज किया। इसके अलावा, मलायका अरोड़ा एक योग स्टूडियो, एक परिधान ब्रांड और एक फूड-डिलीवरी प्लेटफॉर्म भी चलाती हैं।




# मोदी जी के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर का हुआ चहुंमुखी विकास : डॉ. उमा शर्मा




**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर ससंदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा की पत्नी डा.उमा शर्मा ने नौएडा के सैक्टर-22 स्थित जे,आई,एच,ई,बी ब्लाकों में रह रहें निवासियों से 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

नौएडा में जन संपर्क के दौरान डा. उमा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डा. महेश शर्मा ने गौतमबुद्धनगर में बड़े-बड़े विकास प्रोजेक्टों को इस क्षेत्र लाकर गौतमबुद्धनगर का नाम विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व के विकसित राष्ट्र की श्रेणी में विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है। पूरे देश मे बड़े-बड़े राष्टीय राजमार्गो का निर्माण कराया जा रहा, प्रत्येक जनपदों में अस्पताल/मेडिकल कालेजों का निर्माण कराया जा रहा है। भाजपा सरकार के दौरान बंद पड़ी हवाई पटिट्यों को पुन:विकास कराया गया और आज जेवर में विश्व स्तरीय हवाई अड्डा का निर्माण कराया जा रहा है।

जन सपंर्क के दौरान शान सागर, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, जिलामंत्री डिम्पल आनन्द, सुनीता शर्मा, संगीत, किरण भारद्वाज, अंजना सबलोक, मंजू शर्मा, गीता चौपडा, दुर्गा शर्मा, किरण चन्दोला, सरिता दीपाली दीक्षित एवं काफी संख्या में महिलाए उपस्थित रहीं।

# यूपीएससी उत्तीर्ण करने पर पिंकी मसीह के परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल



**नोएडा (चेतना मंच)।** यूपीएससी की परीक्षा में डॉ भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी सेक्टर-37 नोएडा की छात्रा कुमारी पिंकी मशीह ने 948 वी रैंक पाकर नोएडा का नाम रोशन किया है।

सेक्टर-45 कांशीराम कालोनी निवासी पिंकी मसीह के पिता संजय कुमार अपना निजी व्यवसाय करते हैं। वहीं उनकी माता आशा मसीह एंजिज्स स्कूल में सहायिका का कार्य करती हैं।

पुस्तकालय के संरक्षक गणेश जाटव ने बताया कि पिंकी बहुत ही होनहार छात्रा है। पुस्तकालय में सुबह से लेकर शाम तक उसने कड़ी मेहनत से अध्ययन कर यह मुकाम हासिल किया है। पुस्तकालय संरक्षण समिति में पिंकी की कामयाब पर उसका सम्मान किया और बधाई दी! पिंकी के साथ पिंकी का भाई भी पियूष सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा है। इस मौके पर बालक राम प्रधान भीमराज जाटव अध्यक्ष पीतम सिंह महामंत्री राजेंद्र ठेकेदार सतपाल सिंह उदय सिंह कमल सिंह जगत सिंह राजकुमार अजय कुमार रोहित चौधरी सुरेंद्र पाल उदयवीर सिंह अमर सिंह सौरभ चौधरी विरेन्द्र कुमार सत्येंद्र सिरोही आदि उपस्थित रहे।




**भाजपा के सरस्वती शिशु मंडल के तहत सेक्टर-12 के विभिन्न ब्लॉक में कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार करके डा. महेश शर्मा के समर्थन में वोट मांगे। इस मौके पर एवरग्रीन आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष व भाजपा नेता पुनीत शुक्ला, मंडल प्रभारी सचिन अंबावत, वरिष्ठ नेत्री रचना जैन, मंडल मंत्री मीनाक्षी चौहान, बूथ अध्यक्ष ललित बिष्ट, कविता मखीजा, माया रावत, वीरेन्द्र तिवारी, दीपक शर्मा, बूथ अध्यक्ष विश्वदीप चौहान, सूर्य शर्मा, उषा किशोर, अमित नागपाल, संतोष खंडूरी, सुरेन्द्र बिष्ट, शिव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अमित मित्तल, आदि। उधर एच ब्लॉक में पंकज व पुनीत के मकान पर उनकी माताजी से वोट मांगती भाजपा की नेत्रियां।**

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह हुआ तो खैर नहीं : डीपीओ

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत 'बाल विवाह' करना या कराना या उसमें सहयोग करना कानूनी अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा-10 के अनुसार कोई व्यक्ति किसी प्रकार से 'बाल विवाह' करता या करवाता है, बाल विवाह करने या किसी को निर्देश देता है या प्रेरित करता है, तो उसे दोषी मानते हुए उसको दो वर्ष की सजा या 01 लाख रुपए का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जायेगा।



उन्होंने बताया कि 10 मई 2024 अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह को शुभ मानते हुए 'बाल विवाह' कराया जाता है, जो गैर कानूनी और एक सामाजिक बुराई है। बाल विवाह होने की सूचना निकटतम पुलिस थाना/चौकी, चाइल्डलाइन नंबर-1098 या जिला प्रोबेशन कार्यालय, पुरानी कोर्ट, फेस-2 नोएडा में दी जा सकती है।

## वैश्य समाज व व्यापारियों ने दिया डा.महेश शर्मा को एकतरफा समर्थन

### पूर्व की तरह भविष्य में व्यापारियों के लिए बचनबद्ध रहूंगा : डा. महेश शर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के व्यापारियों विशेषकर वैश्य समाज ने सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा सांसद डा. महेश शर्मा को एकतरफ़ समर्थन का ऐलान किया। बता दें कि डा. महेश शर्मा गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से चौथी बारर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।



व्यापार मंडल के एनसीआर चेयरमैन एवं जिला अध्यक्ष IVF के नेतृत्व में सेक्टर-15 A स्थित उनके आवास पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (IVF), उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने डा. महेश शर्मा को समर्थन पत्र सौंपे।

इस अवसर डॉ महेश शर्मा ने संस्थाओं के समर्थन पत्र को स्वीकार करते हुए वायदा किया कि वे पूर्व की तरह आगे भी व्यापारियों एवं समाज की प्रगति के लिए वचनबद्ध है और उसके लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जो भी उचित कदम हो वह उठाएं एवं जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके उतनी ज्यादा वोटिंग करवा वोट प्रतिशत को बढ़ाने मैं अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल राष्टीय अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग महासचिव सुधीर पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, संगठन महामंत्री मनोज गुप्ता, मनोज गुप्ता एडवोकेट, श्री भगवान अग्रवाल, जी मनोज गोयल, धर्मवीर बंसल, सुनील वर्मा, जे. एस बेदी, अक्षय अग्रवाल, उषा थापा समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## आबोहवा बदलने को 10.81 लाख पौधे लगाएगा वन विभाग : प्रमोद श्रीवास्तव

**नोएडा (चेतना मंच)।** आबोहवा में सुधार के लिए अब जनपद का वन विभाग गंभीर हो गया है। वन विभाग ने वर्षाकाल के पूर्व 10.81 लाख पौधे रोपने का संकल्प लिया है।



जिला वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पौधारोपण दो चरणों में पूरा किया जाना है। पौधारोपण के लिए 800 स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसमें वेटलैंड के अलावा विभिन्न स्कूल, पार्क, ग्रीन बेल्ट आदि भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पौधारोपण के लिए विभिन्न विभागों को लक्ष्य भी सौंपा गया है। जिसमें वन विभाग को 1.20 लाख, पर्यावरण विभाग को 42 हजार, ग्राम्य विकास को 60 हजार, राजस्व विभाग को 21 हजार, पंचायती राज को 25 हजार, औद्योगिक विकास विभाग को 5.60 लाख, नगर विकास को 4900, लोक निर्माण विभाग को 19 हजार, जलशक्ति को 20 हजार, कृषि विभाग को 49 हजार, पशु धन विभाग को 8 हजार, सहकारिता विभाग को 1120, उद्योग विभाग को 16 हजार, उर्जा विभाग को 7 हजार, शिक्षा विभाग को 31 हजार, श्रमविभाग को 5 हजार, स्वास्थ्य विभाग को 13 हजार, रक्षा विभाग को 8 हजार, पुलिस विभाग को 12600 रोपने का लक्ष्य सौंपा गया है।

# वोडर आईडी कार्ड न हो तो वैकल्पिक दस्तावेज पेश करें : जिलाधिकारी




**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यू.डी.आई.डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

## विज्ञापनों का प्रमाणीकरण जरूर करा लें प्रत्याशी

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त प्रत्याशियों से कहा कि टीवी और केबल नेटवर्क/केबल चैनलों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, सिनेमा हॉलों में प्रदर्शित होने वाले विज्ञापनों, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, ई-समाचार पत्रों में विज्ञापनों, सोशल मीडिया और इंटरनेट वेबसाइटों पर विज्ञापनों को प्रदर्शित करने से पूर्व मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। यदि एमसीएमसी कमेटी से बिना प्रमाणीकरण कराये इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों को प्रदर्शित किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मतदान के दिवस पर और मतदान के एक दिन पहले समाचारपत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणीकरण कराना होगा। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को जनपद स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी कलेक्ट्रेट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में बनाए गए अनुमति कक्ष में आवेदन देकर पूर्व-प्रमाणन कराना होगा।

## चुनाव को लेकर उड़नदस्ते व स्थिर जांच दलों का हुआ गठन

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न एवं जनपद में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जनपद में उड़न दस्ते (एफएसटी) एवं स्थिर जांच दल (एसएसटी) का गठन किया गया है।



जनपद में उड़न दस्ते (एफएसटी) एवं स्थिर जांच दल (एसएसटी) द्वारा अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई सामान जो कि मतदाताओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है, उसे रोकने हेतु निरंतर जनपद के विभिन्न स्थानों पर निरंतर वाहनों की चेकिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। आगे भी इसी प्रकार से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उड़न दस्ते (एफ एस टी) एवं स्थिर जांच दल (एसएसटी) सक्रिय रहकर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि जनपद में कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाये।